संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 12 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 159 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन चाहती है कि भारतीय टीम का चयन जल्द से जल्द हो।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# अब पंजाब के युवाओं की तरक्की हुई पक्की





**1 साल में**

- ₹ 48,000 करोड़ का निवेश
- 2,70,000 प्राइवेट नौकरियां
- 29,300 सरकारी नौकरियां पक्की

"पंजाब के युवाओं ने पूरी दुनिया में पंजाब का नाम रोशन किया है। उनकी प्रतिभा और जुनून की कोई सीमा नहीं है। पंजाब के युवाओं की तरक्की और खुशहाली को सुनिश्चित कर हम बना रहे हैं रंगला पंजाब।"

-भगवंत मान, मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# अब पंजाब के युवाओं की तरक्की हुई एकदम पक्की

## 2,77,000 से ज़्यादा प्राइवेट नौकरियां

| क्रमांक | सेक्टर का नाम (टॉप 5) | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|
| 1 | रियल एस्टेट | 1,24,965 |
| 2 | उत्पादन | 46,195 |
| 3 | कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण | 24,607 |
| 4 | सूचना प्रौद्योगिकी | 18,154 |
| 5 | कपड़ा उद्योग | 14,602 |

## 29,300 सरकारी नौकरियां पक्की

| क्रमांक | विभाग का नाम (टॉप 5) | कुल नियुक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | स्कूल शिक्षा | 9,151 |
| 2 | गृह मामले एवं न्याय | 4,750 |
| 3 | विद्युत | 3,543 |
| 4 | स्थानीय सरकार | 3,353 |
| 5 | जल संसाधन | 1,361 |

"हम पंजाब के हर युवा को देंगे पंजाब में ही नौकरी। हमारे पंजाब के युवा ही तो मिलकर बनायेंगे रंगला पंजाब।"

-भगवंत मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 159 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


ऑस्ट्रेलियन टीम आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप गदा के साथ।

# महारैली में सीएम केजरीवाल ने भरी हुंकार

### देश में जनतंत्र खत्म हो रहाः केजरीवाल, अध्यादेश के खिलाफ रैली में केजरीवाल ने कहानी सुनाई. चौथी पास राजा, फर्जी डिग्री, नोटबंदी का जिक्र

**जमकर बोला हमला**

● **देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानता। उनको बहुत अहंकार है। देश के अंदर जनतंत्र खत्म हो रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली में रविवार को रैली की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा- आज यह अध्यादेश दिल्ली के लिए आया है कल बाकी राज्यों के लिए भी आएगा। हम रामलीला मैदान में इसी तानाशाही वाली सरकार को देश से निकालने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा- देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानता। उनको बहुत अहंकार है। देश के अंदर जनतंत्र खत्म हो रहा है। इसी को तानाशाही, हिटलरशाही कहते हैं। केजरीवाल ने एक चौथी पास राजा की कहानी सुनाई। बोले- इस कहानी में रानी नहीं है। कहानी सुनाते वक्त केजरीवाल ने नोटबंदी, फर्जी डिग्री का जिक्र किया। नाम लिए बगैर अडाणी और बृजभूषण केस के बारे में भी बोले। उन्होंने कहा- राजा के एक दोस्त ने अंतरराष्ट्रीय पहलवानों से छेड़छाड़ की।

**महंगाई परः** भाषण में केजरीवाल ने महंगाई का जिक्र किया। वह बोले- महंगाई बढ़ रही है। पेट्रोल, दूध और सब्जियां महंगी हैं। एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,000 रुपए से ज्यादा हो गई है। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि इसे कैसे नियंत्रित किया जाए। चौथी पास राजा को पता ही नहीं देश को कैसे चलाना है।

**नोटबंदी परः** नोटबंदी को लेकर केजरीवाल ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि एक दिन वे कहते हैं, 2,000 रुपए का नोट आएगा, पांच साल बाद वे कहते हैं कि यह चला जाएगा। ये कैसे पीएम हैं, जिन्हें यह नहीं पता कि 2,000 रुपए का नोट रहेगा या जाएगा।

**किसान आंदोलन परः** केजरीवाल ने इस रैली में किसान आंदोलन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राजा का एक दोस्त है जो किसानों पर गाड़ी चढ़ा देता है, लेकिन राजा को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आंदोलन के दौरान 700 किसानों की मौत हो गई। मगर राजा अपने अहंकार में रहता है।

**पहलवानों का प्रदर्शनः** दिल्ली सीएम ने कहा- राजा का एक और मित्र है, जो देश की अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार करता है, लेकिन राजा ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। राजा ने उससे दोस्ती नहीं तोड़ी।



### आप सरकार सुप्रीम कोर्ट क्यों पहुंची?

**पहला मामलाः** दिल्ली में विधानसभा और सरकार का कामकाज तय करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 है। केंद्र ने 2021 में इसमें बदलाव कर दिया।
कहा गया– विधानसभा के बनाए किसी भी कानून में सरकार का मतलब उपराज्यपाल होगा। सरकार किसी भी फैसले में एलजी की राय जरूर लेगी।
**दूसरा मामलाः** दिल्ली में जॉइंट सेक्रेट्री और इस रैंक से ऊपर के अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के अधिकारों के मुद्दे पर सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव था। सरकार उपराज्यपाल का दखल नहीं चाहती थी। इन दोनों मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची।

### केजरीवाल की 12 साल बाद रामलीला मैदान में रैली

2011 में केजरीवाल ने रामलीला मैदान से जनता को संबोधित किया था। वह समय अन्ना आंदोलन का था। अब ठीक 12 साल बाद उन्होंने इस मैदान से किसी राजनीतिक रैली को संबोधित किया। हालांकि बीच-बीच में उन्होंने शपथ ग्रहण समारोहों को संबोधित किया है। महारैली को लेकर आप ने दिल्ली में कई जगह पोस्टर लगवाए थे। जवाब में बीजेपी ने भी पोस्टर लगाकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। भाजपा ने केजरीवाल के बंगले में लगे 45 करोड़ रुपए को लेकर सवाल किए। वहीं पोस्टर में मनीष सिसोदिया और केजरीवाल को शराब का ठेकेदार बताया। दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के खिलाफ कई सालों से तनातनी चली आ रही थी। दोनों में लड़ाई चल रही थी कि आखिर अफसर किसके आदेश पर काम करेंगे। सीएम केजरीवाल का कहना था कि सरकार को एलजी काम नहीं करने दे रहे हैं। वहीं, एलजी का दावा था कि राजधानी के कुछ फैसले मेरे अधिकार क्षेत्र में भी आते हैं। इस लड़ाई को लेकर आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई।

## कार्यकारी अध्यक्ष ना बनाए जाने से नाराज नहीं अजित



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**नेशनलिस्ट** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ शरद पवार ने पार्टी के दो नए कार्यकारी अध्यक्ष का ऐलान किया। शरद ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को यह जिम्मेदारी सौंपी। हालांकि शरद के भतीजे अजित पवार इस फैसले से खुश नहीं दिखे। मुंबई में आयोजित एनसीपी के 25वें स्थापना वर्ष कार्यक्रम से वह बिना किसी से बात किए निकल गए। बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि, सुप्रिया को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का फैसला पहले ही ले लिया गया था। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। मैं राज्य स्तर का नेता हूं, जबकि सुप्रिया नेशनल लीडर हैं। अजित ने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मैं इस बात से नाखुश हूं कि पार्टी ने मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी, यह गलत है।

## भाजपा-अकाली दल का अभी गठबंधन नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** में भारतीय जनता पार्टी ने अभी शिरोमणि अकाली दल के साथ दोबारा गठबंधन की संभावनाओं से इनकार कर दिया है। वहीं, एक तरफ चर्चा चल रही है कि भाजपा पूर्ववर्ती राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दोबारा गठबंधन के लिए पूर्व सहयोगियों को शामिल कर सकती है। जिसका अकाली दल एक महत्वपूर्ण अंग था। भाजपा और अकाली दल के गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि यह फैसला पार्टी को लेना है। अकाली दल के कई अच्छे लोग पहले ही हमारे पक्ष में आ चुके हैं और हमने उनमें से कुछ के साथ जालंधर में काम किया है। जल्द ही अकाली दल से कई लोग और आ सकते हैं व भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## हमने नई संसद में संगोल स्थापित कियाः शाह



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
2024 के लोकसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटों के साथ फिर मोदी सरकार बनेगी। क्या आप देश की संसद में संगोल स्थापित करने के लिए बीजेपी को तमिलनाडु से 25 से ज्यादा सीटें दिलाएंगे। वे मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर तमिलनाडु के वेल्लोर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार को 9 साल पूरे हुए हैं। इसलिए मैं तमिलनाडु की जनता को धन्यवाद देने आया हूं। पहले 10 साल तक कांग्रेस डीएमके की सरकार तमिलनाडु में चली, जिसने 12 हजार करोड़ के घोटाले किए। वहीं, 9 साल में मोदी सरकार में कोई भी भष्ट्राचार का आरोप नहीं लगा सका।

## भारत दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हारा

### कंगारुओं ने 209 रन से हराया, ऑस्ट्रेलिया सभी आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बनी

**करारी हार**

● **444 रन का टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम आखिरी दिन 234 पर ऑलआउट हो गई**



**टीम एक्शन इंडिया/लंदन**
**टीम** इंडिया लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच हार गई है। टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया। 444 रन का टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम आखिरी दिन के पहले सेशन में 234 पर ऑलआउट हो गई। दूसरी पारी में भारत का कोई बैटर 50+ का स्कोर नहीं कर सका। विराट कोहली (49 रन) टॉप स्कोरर रहे। लंदन के द ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 270/8 के स्कोर पर घोषित की और भारत को जीत के लिए 444 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 469 रन ऑलआउट हुई थी।

**पहला दिन...ऑस्ट्रेलिया 327/3,** शतकवीर हेड-स्मिथ नाबाद लौटे पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन विकेट पर 327 रन बनाए थे। टीम की ओर ट्रेविस हेड 146 और स्टीव स्मिथ 95 रन पर नाबाद लौटे। पढ़ें मैच रिपोर्ट

**दूसरा दिन...भारत का टॉप ऑर्डर फेल,** कोई 20 का आंकड़ा पार नहीं कर सका 469 रन के स्कोर के जवाब में भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पहले तो रोहित और गिल ने कुछ अच्छे शॉट्स दिखाए, लेकिन दोनों ओपनर्स अपनी पारी को बढ़ा नहीं सके। पहले रोहित शर्मा 15 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने। फिर गिल भी 13 रन के निजी स्कोर पर रोरिहत के पीछे-पीछे चल दिए। यहां पुजारा और कोहली से उम्मीदें थीं, लेकिन ये दोनों दिग्गज भी 14-14 रन बनाकर चलते बने। 71 पर चार विकेट गंवाने के बाद रहाणे-जडेजा ने 100 बॉल पर 71 रन की पार्टनरशिप कर कुछ देर भारतीय पारी को बिखरने से रोका।

## मणिपुर में 15 जून तक इंटरनेट बंद

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में इंटरनेट पर बैन अब 15 जून तक बढ़ा दी गई है। सेना ने पहाड़ी और घाटी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया। जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सेना के जवानों और पुलिस बल को 22 ऑटोमैटिक हथियार मिले। इस बीच राज्य में 15 जून तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इससे 2 दिन पहले यानी 8 जून को चलाए गए सर्च ऑपरेशन में 35 हथियार मिले थे।


तमिलनाडु में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यकर्ताओं से मिलते हुए।

## बृजभूषण ने गोंडा में शक्ति प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/गोंडा**
**महिला** पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा में शक्ति प्रदर्शन किया। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर रविवार को बृजभूषण ने 35 किलोमीटर रोड से निकाला। उनका जगह-जगह पर स्वागत हुआ। यहां से वह रघुराज शरण सिंह महाविद्यालय में पहुंचे, जहां जनसभा को संबोधित किया। मंच से बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, "होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै साखा। इसके बाद उन्होंने भारत माता के जयकारे लगाए। यही नहीं, उन्होंने शायरी भी सुनाई। "कभी अश्क-कभी गम और कभी जहर पिया जाता है, तब यह मिला मुझको मोहब्बत का सिला, बेवफा कहके मेरा नाम लिया जाता है, इसको रुसवाई कहें या शोहरत, अपने दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है, कभी-कभी अपने आप से सवाल करने लगते हैं, जब-जब सरसरी नजर से सवाल करते हैं, तो गंभीर चीजों को नकार देते हैं।"

## पुलिस ने 2 पहलवानों से बृजभूषण के खिलाफ सबूत मांगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली 2 महिला पहलवानों से यौन शोषण के फोटो और ऑडियो-वीडियो सबूत मांगे हैं। दिल्ली पुलिस को इस केस में 15 जून तक कोर्ट में चार्जशीट पेश करनी है।

**पुलिस ने पहलवानों से मांगे ये सबूत...**
1. यौन शोषण की घटनाओं की तारीख और समय, डब्ल्यूएफआई कार्यालय में उनकी यात्राओं की अवधि।
2. पहलवानों के रूममेट्स की पहचान और संभावित गवाह, खासकर अगर वे उस समय विदेश में थे।
3. उस होटल की जानकारी, एक पहलवान बृजभूषण के कार्यालय के दौरान रुकी थी।
4. एक पहलवान और उसके रिश्तेदार से धमकी भरे फोन कॉल के बारे में जानकारी मांगी। कोई भी वीडियो, फोटोग्राफ, कॉल रिकॉर्डिंग या वॉट्सऐप चैट देने को कहा गया है। बृजभूषण पर 2 एफआईआर दर्ज हैं। एक केस बालिग महिला पहलवानों की शिकायत पर है।

## पीएम ने ट्रेनिंग कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया

**मकसद**

● **पीएम मोदी देश की गवर्नेंस प्रक्रिया और पॉलिसी को बेहतर बनाना चाहते हैं। मिशन कर्मयोगी की भी शुरुआत की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल ट्रेनिंग** कॉन्क्लेव का मकसद सिविल सर्विस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बीच कोलैबोरेशन को बेहतर करना ही है। इस कॉन्क्लेव से ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बीच कोलैबोरेशन बेहतर होगा। इसमें सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, रीजनल एंड जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और रिसर्च इंस्टीट्यूट के लोग शामिल होंगे। पीएम मोदी देश की गवर्नेंस प्रक्रिया और पॉलिसी को बेहतर बनाना चाहते हैं। इसके लिए मिशन कर्मयोगी की भी शुरूआत की गई है। पॉलिसी और गवर्नेंस में सुधार के लिए जरूरी है कि सिविल सर्वेंट को बेहतर ट्रेनिंग देकर उनके स्किल को निखारा जाए।

**कैपिसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा की जा रही मेजबानीः** इस नेशनल ट्रेनिंग कॉन्क्लेव की मेजबानी कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा की जा रही है। इसका मकसद सिविल सर्विसेज ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और देशभर के सिविल सेवकों के लिए प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस कॉन्क्लेव में अलग-अलग रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिप्रजेंटेटिव्स के शामिल होने से आइडिया और विजन का हेल्दी एक्सचेंज होगा। इस कॉन्क्लेव में आठ पैनल डिस्कशन होंगे। सभी के टॉपिक्स अलग-अलग हैं।

## राजनीति में बात रखना जरूरी हैः सचिन पायलट

**टीम एक्शन इंडिया/दौसा**
**पिता रा**जेश पायलट की पुण्यतिथि पर राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने एक बार फिर अपने विरोधियों पर निशाना साधा है। दौसा में राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण के बाद सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने सीएम अशोक गहलोत के बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम गरीबों की मदद करें तो केंद्र सरकार कहती है कि आर्थिक दिवालिया हो जाएंगे और मैं उन नौजवानों की मदद करूं, जिनके साथ धोखा हुआ है तो कहते हैं कि मानसिक दिवालिया हो जाएगा। सच्चे मन से गरीब, नौजवानों की मदद करने के लिए बड़ा दिल होना चाहिए। खजाना हमारे पास है कि उनकी हम मदद करें। वहीं वसुंधरा सरकार के घोटालों का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा कि पांच साल प्रदेशाध्यक्ष रहा तो सरकार के दांत खट्टे कर दिए। मैंने साल के 365 दिन वसुंधरा सरकार का विरोध किया। कभी कोई गलत बात नहीं कही, लेकिन यदि उन्होंने खान आवंटित की, मामला उठा तो कैंसिल कर दिया, लेकिन जांच तो होनी चाहिए। किसी ने सही कहा है कि हर गलती सजा मांगती है।



**सीएम को जवाब**

● **हम गरीबों की मदद करें तो केंद्र सरकार कहती है कि आर्थिक दिवालिया हो जाएंगेः सचिन**

**महंगाई की मार** — रात 12 बजे से बढ़ी हुई कीमतें लागू हो गई हैं, सरकार के इस फैसले की भनक किसी को नहीं लगी

## पंजाब में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, सरकार ने 1 रुपए वैट बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर करीब 1 रुपए वैट बढ़ा दिया है। रात 12 बजे से बढ़ी हुई कीमतें लागू हो गई हैं। सरकार के इस फैसले की भनक किसी को नहीं लगी। सूत्रों के मुताबिक कल मानसा में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस फैसले को मंजूरी दी गई। हालांकि सरकार या सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की तरफ से अभी तक इस पर कुछ भी नहीं कहा गया है। पेट्रोल वैट दर में करीब 1.08% की बढ़ोतरी की गई है। इससे पेट्रोल प्रति लीटर 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। जबकि डीजल वैट दर में 1.13% बढ़ोतरी होने से यह 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। इस दर में 10% सरचार्ज भी शामिल है। इसके बाद पेट्रोल पर कुल वैट प्रति लीटर 14.75% से बढ़कर 15.74% और डीजल पर 14.75% से बढ़कर करीब 15.88% हो गया है। इससे मोहाली में जहां प्रति लीटर पेट्रोल पहले 98.3 रुपए मिलता था, अब वह बढ़कर 98.95 रुपए हो गया है। जबकि 88.35 रुपए में मिलने वाले प्रति लीटर डीजल की कीमत 89.25 रुपए हो गई है। अमृतसर में पेट्रोल की कीमत 98.69 रुपए और डीजल 89.01 रुपए हो गया है।

**पड़ोसी राज्यों के मुकाबले पंजाब में तेल महंगाः** पंजाब में हिमाचल के मुकाबले पहले डीजल 4 रुपए महंगा था, अब यह 5 रुपए हो गया है। चंडीगढ़ से भी पंजाब में रेट एक रुपए महंगा हो जाएगा। पंजाब सरकार की टैक्स पॉलिसी की वजह से पहले ही हिमाचल, जेएंडके, चंडीगढ़ में पंजाब के मुकाबले पेट्रोल-डीजल सस्ता मिल रहा है। सरकार के इस फैसले से बॉर्डर एरिया पर बने पेट्रोल पंप मालिकों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। गौरतलब है कि पंजाब में कांग्रेस की चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट के दाम घटाए थे।



**जेब पर चपत**

● **पेट्रोल वैट दर में करीब 1.08% की बढ़ोतरी की गई है। इससे पेट्रोल प्रति लीटर 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है**

## नीट के लिए अब न्यूनतम अंक की बाध्यता नहीं

### 12वीं में पासिंग परसेंटेज के आधार पर परीक्षा में बैठ सकेंगे छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**12वीं** के बाद मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए नेशनल मेडिकल कमिशन ने नए नियम लागू किए हैं। अब छात्रों पर न्यूनतम अंक की बाध्यता नहीं होगी। बल्कि 12वीं में पासिंग परसेंटेज के आधार पर ही वे नीट में बैठ सकेंगे। उम्र के प्रावधान में भी संशोधन कर एक महीने की अवधि बढ़ाई गई है। संशोधन के मुताबिक, 31 जनवरी तक छात्र की 17 साल की उम्र पूरी होनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा छात्र परीक्षा दे पाएं इसलिए 1 महीने की अवधि को बढ़ाया गया है। मेडिकल में जगह मिलने के बाद छात्रों को अब अधिकतम 9 साल में एमबीबीएस की पढाई खत्म करनी होगी।

**कॉलेज ने काउंसिलिंग के अलावा किसी और तरीके प्रवेश दिया तो जुर्माना लगेगाः** कॉलेज अगर छात्र को काउंसलिंग के अलावा किसी अन्य तरीके से प्रवेश देती है तो कॉलेज को 1 करोड़ या पूरे पाठ्यक्रम के दौरान लिए जाने वाली फीस (जो भी अधिक हो) को बतौर जुर्माना भरना होगा। दूसरी बार ऐसी गलती होने पर दोगुना जुर्माना के साथ कॉलेज की ऐसी सीटों की दोगुनी संख्या में सीटें हटा दी जाएंगी। अगर दो या उससे अधिक छात्रों की रैंक समान आती है तो भौतिक (फिजिक्स) के बाद रसायन (केमिस्ट्री) और जीव विज्ञान (बायो) में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा।



**राहत**

● **12वीं में पासिंग परसेंटेज के आधार पर ही वे नीट में बैठ सकेंगे। उम्र के प्रावधान में भी संशोधन कर अवधि बढ़ाई गई**

## न्यूज फ्लैश

### महिंद्रा ने लॉन्च किया अपना पहला डुअल-फ्यूल स्मॉल कमर्शियल व्हीकल

**फरीदाबाद।** भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के मार्केट लीडर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने आज सुप्रो सीएनजी डुओ के लॉन्च की घोषणा की, जो स्मॉल कमर्शियल व्हीकल श्रेणी में पहला डुअल-फ्यूल वाला वाहन है। सुप्रो सीएनजी डुओ अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेलोड और श्रेणी में अग्रणी माइलेज प्रदान करता है और ग्राहकों को अधिकतम लाभ के साथ बेहतर प्रदर्शन देने के हमारे वादे पर आधारित है। रू 6.32 लाख (एक्स-शोरूम दिल्ली) की शुरुआती कीमत के साथ सुप्रो सीएनजी में ग्राहकों को अनेक सुविधाएं मिलती हैं। सुप्रो सीएनजी पेट्रोल और सीएनजी दोनों पर चल सकता है, जिससे ऑपरेटरों को महिंद्रा की प्रसिद्ध विश्वसनीयता और गुणवत्ता के साथ-साथ अग्रणी फ्यूल इकोनॉमी मिलती है। नया सुप्रो सीएनजी डुओ उद्योग में पहली बार डायरेक्ट-इन-सीएनजी स्टार्ट जैसी सुविधाओं से लैस है। इससे सीएनजी मोड में वाहन को चालू करने की सुविधा मिलती है और इस तरह ग्राहक के लिए बेहतर बचत का वादा पूरा किया जाता है। इतना ही नहीं, सुप्रो सीएनजी डुओ अतिरिक्त सुरक्षा और सीएनजी और पेट्रोल विकल्पों के बीच आसान स्विचिंग के लिए इंटेलिजेंट सीएनजी लीक डिटेक्शन की सुविधा भी प्रदान करता है। वीजय नाकरा, प्रेसिडेंट - ऑटोमोटिव डिवीजन, एमएंडएम ने कहा, सुप्रो सीएनजी डुओ की लॉन्चिंग के साथ हम महिंद्रा की समृद्ध और गौरवशाली परंपरा को ही आगे बढ़ा रहे हैं। महिंद्रा की पहचान आज एक ऐसी कंपनी के तौर पर है, जो ग्राहकों के विजन और बाजार के दशकों के नेतृत्व के आधार पर इनोवेटिव और विश्वसनीय कमर्शियल व्हीकल्स बनाती है। सुप्रो सीएनजी डुओ के साथ कंपनी ने डुअल-फ्यूल सेगमेंट में प्रवेश कर लिया है। सुप्रो सीएनजी डुओ के साथ हम इसके मालिकों और ऑपरेटरों को उल्लेखनीय रूप से कम परिचालन लागत की पेशकश करने का प्रयास कर रहे हैं। इसे लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन और ई-कॉमर्स कंपनियों की मुश्किल जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, और साथ ही ग्राहकों को बेहद बेहतर मूल्य प्रस्ताव दिया गया है।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)


# भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर प्रयासरत : एडवोकेट वेदपाल

**▶▶ भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसी सरकार ने किसानों के हितों के लिए किसान सम्मान निधि योजना संचालित की है**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भाजपा के 9 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकास के कार्य किए है, विकास तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत गांव श्यामगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री चौधरी वेदपाल सिंह एडवोकेट का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। करनाल लोक सभा के गांव शामगढ़ में आलू रीसर्च सेंटर के दर्शन करने से पूर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों व योजनाओं को विस्तार से बताया। इस दौरान लगभग 230 लोगों ने 9090902024 नम्बर पर मिस काल कर मोदी का समर्थन किया। फिर सभी ने आलू रीसर्च सेंटर का दौरा किया। प्रदेश महामंत्री चौधरी वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि भारत का युवा आज धीरे-धीरे सरकारी नौकरी की मानसिकता से बाहर आ रहा है और नौकरी के अवसरों का निर्माण करने के बदले विशिष्ट क्षेत्रों में नए अवसरों का निर्माण करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार का फोकस सिर्फ रोजगार पैदा करना ही नहीं, बल्कि उद्यमिता का निर्माण करना भी रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर प्रयासरत है। पहली बार किसी सरकार ने किसानों के हितों के लिए किसान सम्मान निधि योजना संचालित की है। उन्होंने मौजूद किसानों को स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि ऋण, कृषि बाजार सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक सुभाष चन्द्र कार्यकारी वाइस चेयरमैन स्वच्छ भारत मिशन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य मात्र चुनावी सफलता हासिल करना नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पित यह पार्टी हर चुनाव में एक एजेंडे के तहत चुनाव लड़ती है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इस मौके पर शिव कुमार, संदीप, कंवर सिंह, सोनू, शमशेर सिंह कश्यप, सुशील, सतबीर, अशोक पधाना, धर्मवीर, सुरेंद्र, रामपाल कल्याण, अनिल कुमार, बृजपाल सैनी, शमशेर सैनी और सतपाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिसका हक है, उसे हक मिले, इस सिद्धांत पर हरियाणा सरकार ने किया काम : मनोहर लाल

**करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की रामदेव कॉलोनी के वार्ड नंबर-6 में जन संवाद किया। इस जन संवाद के दौरान कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों लोगों ने एक सुर में आवाज उठाई कि वार्ड का एक-एक व्यक्ति मनोहर लाल बनकर जनता के बीच जाएगा और जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने न केवल करनाल जिला में, बल्कि पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास करवाया है। भविष्य में और भी तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सिरसी गांव में तत्काल पाईप लाइन डालने के लिए विभाग को निर्देश दिए और कहा कि प्रदेश में किसी भी जगह चाहे जो मर्जी विवाद हो, लेकिन बिजली और पानी किसी की नहीं रुकेगी। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सरकार के विकास कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार में लोगों को बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां मिली हैं। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वह पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगह जन संवाद कार्यक्रम करने जा रहे हैं। यह सर्वमान्य सत्य है कि हमारी सरकार ने पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां दी हैं। तभी हर कार्यक्रम में आम व्यक्ति सरकार के इस कार्य की दिल खोलकर प्रशंसा कर रहा है। जन संवाद के दौरान एक व्यक्ति ने हरियाणा सरकार द्वारा पौंड अथॉरिटी बनाए जाने की प्रशंसा की। उसका कहना था कि पहले गांवों में तालाबों की सफाई के आभाव में गलियों में पानी भरा रहता था, लेकिन हरियाणा सरकार ने पौंड अथॉरिटी का गठन कर अच्छा कार्य किया है।

## 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी छूट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाईन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट का लाभ अधिकतम लोगों को मिले, इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बकायेदारों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें। जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं, ताकि नगर निगमों व नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए पैसा प्राप्त हो सके। यदि यह पैसा निगम व परिषद के खजाने में आता है तो शहर में और अधिक तेजी से विकास कार्य संपन्न कराए जा सकेंगे।

## 'जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** क्वांटम अकादमी प्राइवेट लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन डॉ. विकास सैनी के नेतृत्व में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर के लिए लगभग 75 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 60 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सरकारी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कमल और ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सचिन गर्ग ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। डॉ. विनोद कमल ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बन सकता। ये केवल एक इंसान ही दूसरे इंसान को दान कर सकता है, इसलिए हमें जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। डॉ.सचिन गर्ग ने बताया कि नियमित रक्तदान करने से कई बिमारियों से छुटकारा मिलता है और शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि युवाओं को साल में 3 या 4 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिए। सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 18 जून दिन रविवार को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर के आयोजन में हिमांशु परेजा, नवनीत भंडारी, अमित शर्मा, तनुज रहेजा, सौरभ शर्मा, ऋषि कुमार, साहिल चंदा, सागर जैन, निशांत पसरीचा, ललित मेहता, सिद्धार्थ कंबोज, सचिन बजाज, विक्रम चौहान, डॉ.सुरेश सैनी, अनुज शर्मा, कमलजीत मोतिया, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-7 के प्रधान संजीव बजाज का विशेष सहयोग रहा।

## आसनों से होती है एकाग्रता की प्राप्ति : दिनेश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग का प्रशिक्षण दिया। योग के लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य का आधार योग और सकारात्मक सोच है। योग के नियमित अभ्यास से हर परिस्थिति में सकारात्मक रहा जा सकता है और हम आसपास के लोगों में भी इसी दृष्टिकोण का संचार करते हैं। योग स्वास्थ्य के लिए वरदान है। योग द्वारा सांसों को नियंत्रित और विस्तार किया जाता है और इसी योग और नियंत्रित स्वास्थ्य का संयोजन दिमाग और शरीर को शक्तिशाली बनाता है। दिनेश गुलाटी ने विशेष रूप से शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए विभिन्न शारीरिक क्रियाओं, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि प्राणायाम से पहले शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक क्रियाएं और हल्का-फुल्का व्यायाम आवश्यक है, जिससे शरीर पूरी तरह एक्टिव हो सके और ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाए। हर क्रिया का विधिपूर्वक निर्देशन देते हुए अभ्यास करवाया, जिससे शरीर पर उसका अधिकाधिक प्रभाव पड़ सके। उन्होंने कहा कि आसनों के द्वारा एकाग्रता की प्राप्ति होती है और योग तनाव अवसाद और मानसिक कमजोरी में भी लाभकारी है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। कक्षा में योग शिक्षक नीलम बठला, निधि गुप्ता, वीना धीर और एनफ चौधरी मौजूद रहे।

## वी ने पेश किये इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स

**गुरुग्राम।** गर्मी की छुट्टियों का सीजन आ गया है और लोग दुनिया भर में अपने पसंदीदा गंतव्यों की यात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। वी के रूझान बताते हैं कि भारत के 90 फीसदी पर्यटक छुट्टियां मनाने के लिए, यूएस, यूरोपीय देशों (जैसे यूके, फ्रांस, इटली, जर्मनी, ग्रीन आदि), तुर्की, यूएई, सिंगापुर, थाईलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड आदि लोकप्रिय गंतव्यों को चुनते हैं। इन स्थानों की यात्रा के दौरान भारतीय लोग स्ट्रीमिंग का बेजोड़ अनुभव पाना चाहते हैं, वे अपने प्रियजनों को अपनी तस्वीरें और वीडियो भेजना चाहते हैं, उनके साथ वीडियो कॉल पर बात करना चाहते हैं।

## विशाल भंडारे को लेकर सेवादारों की लगाई ड्यूटियां



**▶▶ कार्यक्रम के अंतर्गत 16 जून सायं 4 से 7 बजे मां भगवती की महिमा का गुणगान अशोक एंड पार्टी तरावड़ी द्वारा किया जाएगा**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** बाबा रामदास जी गिरि चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 115वां ग्रीष्मकालीन विशाल भंडारा बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 18 जून को कलवेहड़ी में आयोजित किया जा रहा है। उत्तम औषधालय के प्रांगण में वैद्यउत्तम औषधालय के प्रांगण में वैद्य देवेंद्र बतरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू ने आए हुए उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 16 जून सायं 4 से 7 बजे मां भगवती की महिमा का गुणगान अशोक एंड पार्टी तरावड़ी द्वारा किया जाएगा। 17 जून को सनी निझावन, श्री दशरथ नंदन एंड पार्टी द्वारा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 18 जून को सुबह 8 बजे मंत्रों चारण के साथ पंडित चेतन देव शर्मा, शेखर शर्मा, पंडित सचिदानंद कुटिया वाले हवन यज्ञ करेंगे। तत्पश्चात महात्माओं का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर अनंतविभूषित स्वामी सत्यानंद तीर्थ, स्वामी सुख सागर जी महाराज, स्वामी हरिओम पांडे, ऋषि कुमार, स्वामी देवेंद्र नाथ पठानकोट वाले आदि महान संतों के प्रवचन होंगे। इसके बाद झंडा रस्म अदा होगी, कुटिया दर्शन होंगे तत्पश्चात विशाल भंडारा लगाया जाएगा। कार्यक्रम में बाबा रामदास विद्यापीठ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा। बैठक में मैं किसी कमियों में सुधार हेतु सुझाव भी दिए गए और नई व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में भारत भूषण अरोड़ा, सुभाष बधावन, रामलाल ग्रोवर, पंडित चेतन देव शर्मा, बलबीर भगा, मोहर सिंह, सुभाष गुरेजा, राजेंद्र मोहन शर्मा, हर्ष अलग, भूपिंद्र श्याम चावला, रामकुमार, नरेन्द्र छाबड़ा, जगदीश खट्टर, विनोद भाटिया, महेंद्र, दुर्गा आहूजा, सुमीत व महिला सेवादार मौजूद रहे।

## 'सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाकर किया जा रहा जागरूक'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** देशभर में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहे संस्थान एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बैठक का आयोजन नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह, राष्ट्रीय चेयरमैन विजय गुप्ता एंव अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल मंसूरी ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में फाउंडेशन के देशभर में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे प्रकल्पों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देशभर में सत्यनिष्ठा की शपथ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लोगों से एवं खासकर युवाओं एवं विद्यार्थियों से सत्यनिष्ठा के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, ताकि लोग एवं हमारी भावी पीढ़ी भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक हो और उनके दिल में सच्चाई एवं ईमानदारी जागृत रहे। उन्होंने कहा की सत्यनिष्ठा की शपथ के माध्यम से जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूंगा, न रिश्वत दूंगा और न ही रिश्वत लूंगा, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूँगा, जनहित में कार्य करूंगा, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूंगा, भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित सरकारी एजेंसी को दूंगा।

## संसार रूपी नदी को पार कर प्रभु से मिलने का मार्ग है संत जन : साध्वी भारती जी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रामलीला ग्राउंड्स कुंजपुरा में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्यआयोजन किया गया है। कथामृत के चतुर्थ दिवस के अंतर्गत श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रवीणा भारती जी ने प्रभु की कथा का रसपान करवाते हुए राम चरित मानस में से शबरी प्रसंग के अंतर्गत भगती माता शबरी की गाथा को बाचते हुए कहा कि शबरी एक साधारण स्त्री नहीं थी। वह तो भक्ति की वह मनी थी, जिसने गरीबी के रहते हुए भी प्रभु के प्यार को प्राप्त किया। साध्वी जी ने कहा कि कहते हैं कि जब शबरी घर से भागकर जंगल में जाकर संतों की सेवा करती है तो उसके मन में वैराग्य पैदा होता है और वह चोरी-चोरी उनकी सेवा करती है। जब संत उसे नीच कहते हैं तो उसके मन में उनके प्रति ईर्ष्या भाव पैदा नहीं होता। आगे चलकर उनके जीवन मातंग मुनी जी आगमन होता है। मातंग मुनी जी के कहने पर शबरी उनके आश्रम में जाकर सेवा करती है और एक दिन मातंग मुनी अपने शरीर के त्याग के समय यह कहते हैं कि एक दिन तेरी कुटिया में जग के पालक श्री राम जी के रूप में आएंगे। उसके बाद शबरी उनकी प्रतीक्षा करती है दिन, मास, सालों के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम उनकी कुटीयां में आते हैं तो शबरी अपने अंतः कर्ण में खुशी की चर्म सीमा को प्राप्त करती है। साध्वी जी ने कहा कि प्रभु श्री राम जी प्रेम बस होकर शबरी के झूठे बेर खाते हैं और उसके उपरांत शबरी सदा के लिए प्रभु के चरणों में लीन हो जाती है। यहां पर शबरी के प्रेम के कारण उसके झूठे बेर खाकर प्रभु सारी ही मानवता को यह संदेश देते है कि कोई भी मानव चाहे किसी भी कुल में, गरीब हो या अमीर, किसी भी रूप रंग का हो मै तो उसके प्रेम के अधीन होकर बिक जात हूं, क्योंकि कोई भी मानव अपनी कुल, जाति, रंग रूप से महान नहीं होता,अपितु वह अपने कर्म से महान होता है।

कथा को आगे वाचते हुए साध्वी जी ने कहा कि माता शबरी के मानिद आज हर मानव प्रभु की प्रयास करता है। लेकिन सही मार्ग न मिलने के कारण उसकी दिशाहीन है। वह भटक जाता है। इंसान के मन में प्रेम तो है लेकिन भगवान के लिए नहीं, इस नश्वर संसार के लिए है और मानव मोह के आधीन होकर इसे प्रेम का नाम देता है। जबकि हमरे संत कहते है कि जिस संसार को तुम अपना समझता है यह तेरा अपना नहीं है। अपने मन को अगर तुम कहीं पर लगाना चाहते हो तो भगवान की भक्ति में लगाओ, संसार में मन को लगाकर तो धोखा ही मिलता है। साध्वी जी ने कहा कि प्रभु श्री राम जी ने माता शबरी को नवधा भक्ति का वरदान देते हुए कहा कि प्रथम भक्ति संतन कर संगा, यदि प्रभु की प्राप्ती का प्रयास करना है तो प्रथम कार्य है संतों की शरण, जो हमें ईश्वर से मिलने का मार्ग प्रदान करते है। जैसे नदी के किनारे से दूसरे किनारे पर जाने के लिए हमें एक नौका की अवश्यक्ता है। ठीक वैसे ही इस संसार रूपी नदी को पार कर प्रभु से मिलने का मार्ग है संत जन। उनकी ही शरण में जाकर हमें ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग पता चलता है। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से हुआ।

## संपादकीय

# विपक्षी एकता के निहितार्थ

**राजनीति** में कब क्या हो जाए कुछ भी विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता। आज से कुछ ही दशक पूर्व जिस प्रकार से विपक्ष के राजनीतिक दल कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास करते थे, वैसे ही प्रयास आज भी हो रहे है। इस बार के प्रयासों में कांग्रेस और जुड़ गई है। विगत दो लोकसभा के चुनावों के परिणाम स्वरूप देश में जो राजनीतिक हालात बने हैं, उसमें स्वाभाविक रूप से विपक्ष अपनी जमीन को बचाने की कवायद करने की ओर चिंतन और मंथन करने लगा है। इसके लिए विपक्षी एकता के फिर से प्रयास भी होने लगे हैं। एकता के प्रयोग के लिए इस बार बिहार की भूमि को चुना है। इसलिए स्वाभाविक रूप से कहा जा सकता है कि इस प्रयास में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुखिया की भूमिका में होंगे। हालांकि नीतीश कुमार के बारे में राजनीतिक विश्लेषक यह खुले तौर से स्वीकार करने लगे हैं कि नीतीश कुमार अपनी स्वयं की राह पर ही चलते है, ऐसे में वे दूसरे दलों की कितना मानेंगे, इस बारे में राजनीतिक अस्पष्टता का भी आभास होता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि बिहार में कभी भाजपा के साथ तो कभी भाजपा के विरोधी दलों के साथ चुनावी मैदान में नीतीश कुमार ने दांव खेला। दोनों ही स्थितियों में नीतीश कुमार अपनी सत्ता को बचाने में सफल भी हुए। यहां यह विश्लेषण का विषय हो सकता है कि नीतीश कुमार ने जब पहली बार बिहार की सत्ता संभाली, तब वह लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ चुनाव लड़े और वही उनके राजनीतिक शत्रु भी थे। लेकिन इस बार स्थिति बदली है। अब नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के केवल साथ ही नहीं, बल्कि उनको सरकार का हिस्सा भी दिया है। ऐसे में उनका सारा दारोमदार अब भाजपा के विरोध में है। केंद्र में जब से भाजपा सरकार में आई है, तब से ही विपक्ष का जनाधार खिसका है। एक दो राज्यों को छोड़ दिया जाए तो आज भी कांग्रेस की स्थिति स्वयं की दम पर चुनाव में विजय प्राप्त करने की नहीं है। हालांकि अभी हाल ही में कर्नाटक ने कांग्रेस को राजनीतिक आकाश में उड़ने का हौसला दिया है, जिसके आधार पर कांग्रेस केंद्र में सत्ता परिवर्तन की गुंजाइश भी देखने लगी है, लेकिन विसंगति यह है कि कांग्रेस के अंदर ही आपस में उठापटक की नूराकुश्ती चल रही है। इसमें प्रादेशिक नेताओं में भले ही एक दूसरे को पटखनी देने की कवायद हो रही हो, लेकिन इस स्थिति में कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कर्नाटक में सत्ता का संचालन करने लिए जिस प्रकार से सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच रस्साकशी का खेल चला, उससे कांग्रेस की स्थिति का पता भी चल जाता है। विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए कांग्रेस की कवायद केवल इतनी ही है कि वह क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनी रहेगी। इसके बाद भी कांग्रेस का प्रयास यही रहेगा कि यह विपक्षी एकता कांग्रेस के राहुल गांधी के नेतृत्व में हो। लेकिन ऐसा होना असंभव ही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि विपक्ष बिना प्रधानमंत्री पद के दावेदार के चुनाव लड़ सकता है, लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री पद के लिए खींचतान होगी ही, इसे तय माना जाना चाहिए। जहां तक राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बात है तो विपक्ष के राजनीतिक दलों के मुखिया अपने आपको दूसरे दल से श्रेष्ठ बताने का खेल भी खेलेंगे। हम जानते ही हैं कि विपक्षी दलों में कोई किसी से पीछे रहना नहीं चाहता। चाहे वह राहुल गांधी हों, नीतीश कुमार हों या फिर ममता बनर्जी, चाहे शरद पवार हों या फिर अखिलेश यादव। या फिर जिनका जनाधार खिसक गया हो, ऐसे वामपंथी नेता ही क्यों न हो।

# जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को समझिए



-डॉ आशीष वशिष्ठ

> "दुनिया के 197 देशों के सहयोग से यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज यानी यूएनएफसीसीसी पृथ्वी के तापमान को 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के उद्देश्य को पूरा करने की कोशिश में हर साल 1995 से लेकर अब तक बैठक करता आ रहा है। लेकिन उसके नतीजे क्या निकले ये दुनिया से छिपा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने आशंका जाहिर की है कि अगले पांच साल में पृथ्वी का औसत तापमान 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर जाएगा। अगर धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो 15 फीसदी प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। धरती जैसे ही 2.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म होगी तो 30 फीसदी प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। यूनिवर्सिटी ऑफ केपटाउन, यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो और यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट ने एक शोध में यह दावा किया है"

**पृथ्वी का** अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बताते हैं कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। पृथ्वी का तापमान बीते 100 वर्षों में 1 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ गया है। पृथ्वी के तापमान में यह परिवर्तन संख्या की दृष्टि से काफी कम हो सकता है, परंतु इस प्रकार के किसी भी परिवर्तन का मानव जाति पर बड़ा असर हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा, परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं और कुछ द्वीपों के डूबने का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले 150 वर्षों में वैश्विक औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। विश्व भर में जलवायु परिवर्तन का विषय सर्वविदित है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। आंकड़े दशार्ते हैं कि 19वीं सदी के अंत से अब तक पृथ्वी की सतह का औसत तापमान लगभग 1.62 डिग्री फॉरनहाइट अर्थात लगभग 0.9 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। इसके अतिरिक्त पिछली सदी से अब तक समुद्र के जल स्तर में भी लगभग 8 इंच की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

दुनिया के 197 देशों के सहयोग से यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज यानी यूएनएफसीसीसी पृथ्वी के तापमान को 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के उद्देश्य को पूरा करने की कोशिश में हर साल 1995 से लेकर अब तक बैठक करता आ रहा है। लेकिन उसके नतीजे क्या निकले ये दुनिया से छिपा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने आशंका जाहिर की है कि अगले पांच साल में पृथ्वी का औसत तापमान 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर जाएगा। अगर धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो 15 फीसदी प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। धरती जैसे ही 2.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म होगी तो 30 फीसदी प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। यूनिवर्सिटी ऑफ केपटाउन, यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो और यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट ने एक शोध में यह दावा किया है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था विश्व मौसम संगठन ने हाल में अनुमान लगाया कि अब से 2027 के बीच धरती का तापमान 19वीं सदी के मध्य की तुलना में सालाना 1.5 डिग्री से ज्यादा पर पहुंच जाएगा। यह सीमा महत्वपूर्ण है क्योंकि 2015 के पेरिस समझौते में इसी 1.5 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान को दुनिया की सुरक्षा के लिए खतरनाक सीमा माना गया था और विभिन्न देशों ने शपथ ली थी कि इस सीमा को पार होने से रोकने के लिए कोशिश करेंगे। तीनों यूनिवर्सिटी के शोध में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा। शोध में कहा गया है कि यह प्रजातियां सभी महाद्वीपों और समुद्र के किनारों से लुप्त होंगी। शोध में कहा गया है कि जब प्रजातियों के लिए गर्मी का स्तर उनकी सहनशक्ति से अधिक हो जाएगा तो यह जरूरी नहीं है कि उनकी मौत हो जाएगी, लेकिन इस बात के भी सबूत नहीं है कि वे ऊंचे तापमान से बच सकेंगी। शोध में कहा गया है कि कई प्रजातियों को रहने लायक जगह नहीं मिल पाएगी। किसी एक साल में 1.5 डिग्री की सीमा पार हो जाने की संभावना लगातार बढ़ती जा रही है। एक दशक पहले ऐसा होने की संभावना सिर्फ दस फीसदी थी। 2020 में यह 20 फीसदी हो गई। 2021 में 40 फीसदी, और पिछले साल 48 फीसदी पर पहुंच गई। इस साल यह संभावना 66 फीसदी बताई गई है।

एक शोध में पाया गया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया और इसे कम करने के प्रयास नहीं किये गए तो सदी के अंत तक पृथ्वी की सतह का औसत तापमान 3 से 10 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ सकता है।पिछले कुछ दशकों में बाढ़, सूखा और बारिश आदि की अनियमितता काफी बढ़ गई है। यह सभी जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप ही हो रहा है। कुछ स्थानों पर बहुत अधिक वर्षा हो रही है, जबकि कुछ स्थानों पर पानी की कमी से सूखे की संभावना बन गई है। वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग के दौरान ग्लेशियर पिघल जाते हैं और समुद्र का जल स्तर ऊपर उठता है जिसके प्रभाव से समुद्र के आस-पास के द्वीपों के डूबने का खतरा भी बढ़ जाता है। मालदीव जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले लोग पहले से ही वैकल्पिक स्थलों की तलाश में हैं। तापमान में वृद्धि और वनस्पति पैटर्न में बदलाव ने कुछ पक्षी प्रजातियों को विलुप्त होने के लिये मजबूर कर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, पृथ्वी की एक-चैथाई प्रजातियाँवर्ष 2050 तक विलुप्त हो सकती हैं। भारत में भी जलवायु परिवर्तन का असर साफ तौर पर दिखने लगा है। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट यानी सीएसई की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल के पहले चार महीनों में देश में खराब मौसम की घटनाओं ने 233 लोगों की जान ले ली और 0.95 मिलियन हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचाया। चरम मौसमी घटनाओं ने अबकी बार 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रभावित किया, जबकि पिछले साल यह संख्या 27 थी। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी और अप्रैल 2022 के बीच, चरम मौसमी घटनाओं ने 86 लोगों की जान ले ली और 0.03 मिलियन हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचाया। 2022 में इसी अवधि के दौरान 35 दिनों की तुलना में इस बार 58 दिन बिजली और तूफान आए। इनमें से अधिकांश घटनाएं मार्च और अप्रैल में हुईं। देश ने पिछले साल के 40 दिनों की तुलना में 2023 के पहले चार महीनों में सिर्फ 15 दिन लू दर्ज की। भारत ने 2022 में 365 दिनों में से 314 दिन चरम मौसम की घटनाओं का अनुभव किया। घटनाओं ने 3,026 लोगों की जान ले ली और 1.96 मिलियन हेक्टेयर (हेक्टेयर) फसल क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी, विश्व मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1970 और 2021 के बीच चरम मौसम, जलवायु और पानी से संबंधित घटनाओं के कारण भारत में 573 आपदाएं हुईं, जिसमें 1,38,377 लोगों की जान गई। विश्व के 230 से अधिक मेडिकल जर्नल की रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ही मौजूदा वक्त में मनुष्य इतनी अनगिनत और अप्रत्याशित गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहा है। मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते एक बड़ी आबादी विस्थापित होगी जो ह्यपर्यावरणीय शरणार्थीह्न कहलाएगी। इससे स्वास्थ्य संबंधी और भी समस्याएँ पैदा होंगी। गर्मी से पूरी दुनिया में होने वाली मौतें बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दशक से अब तक हीट वेव्स के कारण लगभग डेढ लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भीषम गर्मी के प्रकोप से किडनी की कार्यक्षमता भी प्रभावित हो रही है। अंग फेल्योर होने से भी लोगों की जान जा रही है। गर्मी के चलते ही डिहाइड्रेशन से लेकर दिल और फेफड़े की बीमारियां भी हो रही हैं। इसके अलावा प्रसव में होने वाली परेशानियां, विभिन्न तरह की एलर्जी और मानसिक बीमारियों की भी वजह जलवायु परिवर्तन ही है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, पृथ्वी का तापमान 1.1 से 1.2 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ चुका है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने जरूरी है कि वैश्विक तापमान औसत 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड पर स्थिर हो जाए। ऐसा करने के लिए 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों और कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन कम कर 40 प्रतिशत तक लाना होगा।



## कविता

### सलाहकार

मेरे एक टीचर मित्र
हे बहुत हैरान
समस्या भी थी विचित्र,
उनका एक पहलवान शिष्य
जो पढ़ने में था फिसड्डी
उसने ना खेली कभी कबड्डी,
स्कूल में करता था पहलवानी
पीता कभी दूध,कभी नींबू पानी
कभी दिखाता मलखंब में कसरत
छोटे पहलवानों को
मार पीटकर करता पूरी हसरत,
स्कूल में बड़ा नाम हो गया
कल्लन बड़ा पहलवान हो गया,
फिर अचानक अचंभा हो गया
हुई घोषणा
कल्लन पहलवान बना दिए गए
देश के बड़े पहलवान के
कुश्ती के बड़े सलाहकार
लोगों में मचा हाहाकार
अव कल्लन पहलवान देंगे
राष्ट्रीय स्तर पर पहलवानो को सलाह
हमारे देश की राजनीति में भी
कुछ ऐसा ही हो रहा है
जो खुद ही सलाह के अभाव में गुमराह थे,
हार गए थे चुनाव
डूबा चुके थे अपनी नाव
वो राजनीति में
हो गए थे बेकार और लाचार

संजीव
---------

## विचार, वचन और कर्म का सामंजस्य

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**गांधीजी** के अनुसार, मन की शांति और जीवन में खुशी तब होती है, जब विचार, शब्द और कर्म में सामंजस्य होता है। वे विचारों के शुद्धिकरण पर बल देते हैं, क्योंकि विचार ही शब्दों और कार्यों की ओर ले जाते हैं। सत्यनिष्ठा रखने वाले व्यक्ति के विचारों, शब्दों और कार्यों में हमेशा सामंजस्य बना रहता है। यह व्यक्ति के मजबूत चरित्र का निर्माण करती है। क्या होता है जब विचार, वचन और कर्म के बीच कोई सामंजस्य नहीं होता है? जब विचार और कर्म में तालमेल नहीं होगा, तो मन में वैमनस्य होगा। उदाहरण के लिए, जब कोई व्यक्ति ईमानदारी में विश्वास करता है, लेकिन किसी विशेष परिस्थिति में झूठ बोलता है। वह अपराध बोध महसूस करेगा और विवेक का संकट होगा। किसी के आचरण की नैतिक शुद्धता या अनैतिकता या किसी के इरादों की अच्छाई या बुराई के बारे में सचेत होने का अर्थ है विवेक का होना। जब कथनी और करनी में तालमेल नहीं होगा, तो व्यक्ति दोयम दर्जे का होगा और लोग कमजोर चरित्र वाले व्यक्ति पर विश्वास नहीं करेंगे। उदाहरण के लिए, जब कार्यालय में कोई वरिष्ठ कार्य में लैंगिक समानता की बात करता है, लेकिन पदोन्नति देते समय पुरुष कर्मचारियों के प्रति पक्षपाती होता है। एक गलत विचार बड़ी संख्या में एक ही तरह के विचारों को आकर्षित कर सकता है, और व्यक्ति आंतरिक बेचैनी की स्थिति में आ जाता है। झूठे नकारात्मक विचार बहुत जल्द गलत कार्यों को जन्म देंगे, जिससे व्यक्ति को जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास करने से रोका जा सकेगा। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक कार्यालय में भ्रष्टाचार में लिप्त होना। क्या होता है जब विचार शुद्ध होते हैं? जब विचार शुद्ध होते हैं, तो व्यक्ति द्वारा नैतिक कार्य किया जाएगा। व्यक्ति की अंतरात्मा सही तरीके से कार्य करने की आज्ञा देती है। सही विचार स्वार्थी इच्छाओं को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। जब विचार शुद्ध होते हैं, तो व्यक्ति दूसरों की मदद करने की कोशिश करेगा और आचरण में निस्वार्थ रहेगा। उदाहरण के लिए, जब एक सिविल सेवक के पास शुद्ध विचार होते हैं, तो वह हमेशा सार्वजनिक सेवा के उद्देश्य को सबसे ऊपर रखेगी। यह जनता बनाम व्यक्तिगत हित की दुविधा को हल करने में मदद करता है। जब विचार शुद्ध होते हैं, तो एक व्यक्ति में एक मजबूत चरित्र का निर्माण होता है। यह एक व्यक्ति में आंतरिक शक्ति को सक्षम बनाता है, जो तब ईमानदारी के साथ कार्य कर सकता है और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना भी कर सकता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि लाखों लोग पहले रह चुके थे और उनके नाम हमेशा के लिए भुला दिए गए थे, क्योंकि उनके विचारों, शब्दों और कार्यों का कोई मूल्य नहीं था। लेकिन सदियों तक उच्च विचार वाले, वास्तविक लोगों के नाम बने रहे जो पुराने नहीं थे, क्योंकि उनका सत्य प्रकृति में दिव्य था।

## विचार

### जिम्मेदारियों के बोझ तले कुचलता मासूम बचपन

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**बाल** श्रम एक कानूनी अपराध और समाज में लगा अभिशाप है जो बच्चों को उनके स्कूल जाने के अधिकार से वंचित करता है और गरीबी को बढ़ाने में सहायक है। फिर भी अनेक बाल श्रम प्रतिबंधित कानून और जन जागरूकता के बावजूद बाल मजदूरी खत्म नहीं हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के सहायक वर्ग के रूप में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, बाल श्रम को परिभाषित करते हुए कहता है कि, "बाल श्रम अर्थात ऐसा काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है, और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।" यह समस्या आगे चलकर अनेक गंभीर सामाजिक समस्याओं को बढ़ावा देती है। बाल श्रम के विरोध में जनजागृति हेतु हर साल 12 जून को अंतराष्ट्रीय बाल श्रम विरोधी दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है ताकि बच्चों को उनका हक मिले। इस साल 2023 के लिए यूएन द्वारा जाहिर थीम "सभी के लिए सामाजिक न्याय और बाल श्रम खत्म करो" यह है। बाल मजदूरी के खिलाफ हम सबको मिलकर लड़ना होगा तभी इस समस्या से निजात मिलेगी। मनुष्य के सम्पूर्ण जीवनकाल में निस्वार्थ भाव और सुखमय समय बचपन का कहलाता है, तब बच्चे गीली मिट्टी की भांति होते है अर्थात निराकार। उन्हें योग्य वातावरण में अच्छी शिक्षा-संस्कार देकर समाज में एक जिम्मेदार नागरिक और कर्तृत्ववान मानव बनाया जाता है, ताकि बच्चे बड़े होकर खुद के, समाज के, देश के और समस्त मानव जाती के कल्याण और विकास में अपना योगदान दे सकें। बचपन में बच्चों द्वारा ली जाने वाली शिक्षा उन्हें जीवन विकास का बेहतर मार्ग प्रशस्त करता है। शिक्षा उन्हें परिपूर्ण बनाती है और जीवन में सतत प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है, इससे व्यक्ति के विकास के साथ, समाज और देश का भी विकास होता है। शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार है, यदि बच्चों के हाथ में किताबों की जगह जिम्मेदारी का बोझ दिया जाये तो वे अपने विकास से वंचित हो जायेंगे, उनकी मासूमियत कुचल दी जाएगी, उनका हक छीना जाएगा। जीवन अनमोल है, बाल मजदूरी बच्चे का आने वाला सुनहरा कल तबाह करती है। बच्चे स्कूलों में जाने के लिए होते है, कार्यस्थलों पर नहीं। बाल श्रम शिक्षा के लिए एक प्रमुख बाधा के रूप में कार्य करता है, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, स्वास्थ्य विकास भी रोकता है। मासूम बचपन बचाने के लिए हमें बड़ा जन अभियान चलाना होगा। यूनिसेफ इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अनुसार, 2011 की जनगणना के आंकड़े दशार्ते है कि, भारत में बाल श्रमिकों की संख्या 10,100,000 है, जिनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। भारत में 4.27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल से बाहर हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश मिलकर भारत में कुल कामकाजी बच्चों का लगभग 55% हैं। सेव द चिल्ड्रन, 2016 अनुसार, उत्तर प्रदेश में बाल श्रमिकों की संख्या सबसे अधिक है, भारत में 20% से अधिक बाल श्रमिक अकेले इस राज्य के हैं। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन और 2011 की जनगणना के अनुमानों की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्तमान साल 2023 में 78 लाख बाल श्रमिक होंगे, जिसमें लड़के-लड़कियों की हिस्सेदारी क्रमशः 57% और 43% होगी। कोरोना काल ने बाल श्रम बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है। विश्व स्तर पर बाल श्रम में कुल 15.20 करोड़ बच्चे (8.8 करोड़ लड़के और 6.4 करोड़ लड़कियां) होने का अनुमान है, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग दस में से एक है। यूनिसेफ कहता है कि दुनिया के सबसे गरीब सबसे कम विकसित देशों में, हर 5 में से 1 से अधिक बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। साल 2012 में बाल श्रमिकों का वैश्विक आंकड़ा 16.8 करोड़ है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में अभी भी बाल श्रमिकों की सबसे बड़ी संख्या लगभग 7.8 करोड़ या बाल आबादी का 9.3% है, लेकिन उप-सहारा अफ्रीका बाल श्रम की उच्चतम संख्या 5.9 करोड़, 21% से अधिक वाला क्षेत्र बना हुआ है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### मौन का ब्रह्मत्व

**जया मिश्रा अनजानी**

**मौन** वह शून्य है जो प्रत्येक शब्द का आधार है। शून्य जिससे सूक्ष्म भी कुछ नहीं और जिससे असीम भी कुछ नहीं। मौन से ही सबकुछ प्रारम्भ होता है और मौन में ही विलीन हो जाता है। अंतरिक्ष के अगाध मौन में एक हमारी पृथ्वी पर यह जीवन-नाद होना कितना रहस्यमयी है! कितनी प्रक्रियाएँ होंगी जो समय के इतिहास में घटित हुई होंगी और निरंतर हो रही हैं। एक अनंत मौन में सहसा एक नाद का गुंजन! ॐ से अनंत तक की यह यात्रा सचमुच ब्रह्माण्ड कितना रोचक है। मौन स्थिरता है और ध्वनि अर्थात गति। एक दूसरे से विपरीति रखने वाले ये दोनों तत्व एक दूसरे के पूरक हैं। मौन स्थिर रहता है ताकि ध्वनि उसमें गति कर सके। ध्वनि के लिए मौन का होना कितना महत्वपूर्ण है। मौन हमेशा विद्यमान होता है हर ध्वनि के पीछे, बस हम मौन को सुन नहीं पाते। क्योंकि मौन नीरस है और वहीं ध्वनि ऊर्जा का एक रूप। जो सकारात्मक और नकारात्मक तरंगों को धारण किए रहती है। ध्वनि के पास भाव हैं। और मन तो है ही भावप्रेमी। मन को आवेग ही खींचता है। और मौन तटस्थ है, भावावेगों से दूर निस्पृह! आत्मतत्व का निरूपक। जिसको ना सुख से मोह है ना दुःख से भय। निश्चित ही ब्रह्म का परिचायक! कभी-कभी पर्वतों-पाषाणों को देखती हूँ तो लगता है मौन ने शरीर धारण कर लिया है। और उनके शिखरों से गिरने वाली नदियाँ जैसे ध्वनि की देह जान पड़ती हैं। ध्वनि का स्पर्श मौन को कभी उछिन्न नहीं कर पाता। प्रकृति ने कितना जोड़कर रखा है विपरीतियों को एक दूसरे से! पर्वत और नदियाँ जिनमें इतना विरोधाभास फि रभी एक-दूसरे के साथ लिपटे रहते हैं.. जैसे राधा और कृष्ण। जैसे पर्वत चिरकाल से नदियों के साथ होकर भी उनसे पृथक रहे, वैसे आत्मा भी भावों से उतनी ही अछूत होगी। मौन भी ध्वनियों से उतना ही अछूत होगा। ध्वनि का स्पर्श मौन को भंग नहीं करता। हम केवल धारणाओं में जी रहे हैं।

हमनें स्थिरता को जाना ही नहीं और बिना स्थिरता के हम कुछ भी स्पष्ट नहीं देख सकते। मनुष्य को स्थिर होने के लिए मौन को सुनना होगा।

### कुर्सी और मर्जी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बिना** कुर्सी का नेता एकदम फर्जी कागज की तरह होता है। समर्थक भी ऐसे जो गुड़ खत्म होते ही उड़ने वाली मक्खियों की तरह कहीं ओर भिनभिनाने लगते हैं। इस मामले में मक्खियाँ समर्थकों से कहीं अधिक बेहतर होती हैं। वे कम से कम गुड़ खत्म होने के बाद भी कुछ देर वहीं ठहरकर जमीन पर लगे गुड़ की मिठास को फील गुड करने में कोई कोताही नहीं बरतती। ऐसे ही एक नेता थे। कुर्सी क्या गई मानो बदन से जान निकल गई। इससे अधिक दुख अपने चमचों की गायब होती संख्या को लेकर थी। दुख भी क्यों न हो, कुर्सी पर बैठकर चमचों के लिए इतने पाप किए कि अगले सात जन्मों का कोटा मात्र छह महीने में भर लिया था। जितने ज्यादा पाप करते उतने अधिक चमचे बढ़ते। पाप और चमचों का संबंध शेयर मार्केट की तरह होता है। अब नेता जी के पास पाप करने का कोई मौका नहीं है, इसलिए चमचे उन्हें भगवान का नाम जपने और पुण्य कमाने के लिए उन्हें उन्हीं की हालत पर छोड़कर रफू चक्करर हो गए। यह देख नेता जी की तबियत दिन-ब-दिन बिगड़ने लगी। राजनीति का चमत्कार कहिए या फिर संयोग कि नेता जब तक कुर्सी पर होता है तब तक उसे कोई बीमारी तो क्या छींक तक उसे छूने से डरती है। जैसे ही कुर्सी से उतरे सारी बीमारियाँ पता पूछ-पूछ कर गले मिलने आ जाती हैं। कुछ यही हाल था इस नेता जी का। पहले लकवा के शिकार हुए फिर बोलने की शक्ति खो बैठे। कहते हैं कि कोई भी नेता एक बार नहीं हजार बार अपनी खोई हुई संपत्ति फिर से प्राप्त कर सकता है, बशर्ते कि उसकी बोलने की शक्ति बची रहे। अध्यापक के लिए चॉक पीस, डॉक्टर के लिए स्टेथस्कोप, सफाई कर्मचारी के लिए झाड़ू का जो महत्व होता है, वही महत्व नेता के लिए उसके बोलने की शक्ति का होता है। नेता की गिरती सेहत को देखकर उनका इकलौता पुत्र बहुत परेशान था। अभी वह राजनीति में अर्ध-प्रशिक्षित था। पूर्ण प्रशिक्षित होने तक पिता कम नेता जी के अनुभव की अधिक आवश्यकता थी। इसलिए पहुँचे हुए डॉक्टर से पहुँचा हुआ इलाज करवा रहा था। दुर्भाग्यवश नेता जी जिंदगी से मौत की पहुँच की ओर बड़ी तेजी से दौड़ रहे थे। डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए। पुत्र को एक उपाय सूझा।

# विधायक ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

विधायक सुरेंद्र पंवार ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद बिजेन्द्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया के साथ सेक्टर- 23 स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर में आपूर्ति हो रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच की। इसके साथ ही किस वार्ड में कितनी मात्रा में पेयजल की आपूर्ति हो रही है, अधिकारियों से रिपोर्ट ली। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं, कि यदि पानी की गुणवत्ता में जरा सी भी कमी पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक वार्ड में पूर्ण मात्रा में पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



बता दें कि बीते कई दिनों से शहर के अधिकांश भागों में पेयजल की गुणवत्ता व पेयजल किल्लत की समस्याएं सामने आ रही थी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षदों के साथ सेक्टर-23 स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। यहां पर उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों से रिपोर्ट ली कि किस वार्ड में किस समय, कितनी मात्रा में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके उपरांत उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। यहां पर उन्होंने वाटर को ट्रीट करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का रजिस्टर चैक किया। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्टॉक रूम में पहुंचकर ब्लीचिंग पाउडर के प्रत्येक बैग की जांच की ताकि शहर वासियों को जिस पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, उसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जा रही हो। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि वह प्रत्येक 10 दिन में पेयजल की गुणवत्ता व पेयजल आपूर्ति के कार्य का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों को कहा कि शहरवासियों के लिए पूर्ण मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है, भीषण गर्मी में वह अपनी ड्यूटी को बखूबी से निभाए। अधिकारियों की ने बताया कि अभी लाइन पा एरिया में 18 एमएलडी पानी की सप्लाई की जा रही है, ककरोई स्थित नहर से सेक्टर-23 स्थित प्लांट तक एक पेयजल लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें 15 एमएलडी पानी सोनीपत शहर को मिलेगा। जिससे शहर में पानी की किल्लत बिल्कुल दूर हो जाएगी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने ककरोई रोड पर बिछाई जा रही पानी की लाइन का कार्य कर रही एजेंसी को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, एजेंसी ने बताया कि बिजली के पोल उनके कार्य में बाधा बन रहे हैं। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के एसई को फोन कर जल्द से जल्द बिजली के पोल को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हम सभी का एक ही उद्देश्य है कि शहरवासियों को पूर्ण मात्रा में पेयजल मिले, इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत है।

**▶▶पेयजल की गुणवत्ता की जांच की। इसके साथ ही किस वार्ड में कितनी मात्रा में पेयजल की आपूर्ति हो रही है**

# 'समाज को बदलने की सोच रखने वाले व्यक्तियों का "आप" पार्टी में स्वागत'

## सोनीपत की मशहूर संस्था आस्था हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की फाउंडर अध्यक्ष सारिका कालरा ने लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष डा० सुशील कुमार गुप्ता ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

आम आदमी पार्टी सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुवे बताया की आम आदमी पार्टी का कुनबा सोनीपत में लगातार बढ़ रहा है। समाज को बदलने की सोच रखने वाले व्यक्ति लगातार पार्टी के साथ जुड़ रहे है। देवेन्द्र गौतम ने बताया की आज सोनीपत की प्रसिद्ध संस्था "आस्था हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन" की फाउंडर अध्यक्ष सारिका कालरा ने "आप" के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर आज आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सारिका कालरा को "आप" के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष डा० सुशील कुमार गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम की मौजूदगी में पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलवाई। गौतम ने बताया की सारिका कालरा समाज में अपनी संस्था द्वारा लगातार गरीब लड़कियों की शादी करवाने, रक्तदान शिविर आयोजित कर अस्पतालो में रक्त की कमी को पूरा करने, स्ट्रीट डॉग के लिए, पक्षियों के लिए पेड़ो पर घोसले ओर उनके खाने के लिए भोजन, सेना के लिए रक्तदान शिविर व टीबी के मरीजो को राशन, कैंसर के मरीजो की दवाईं, गरीब बच्चो की फीस देने मे सहायता करने जैसे बहुत से काम आदि समाज हित में कर रही है। सारिका कालरा ने कहा की दिल्ली के मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुँचाने का काम किया है। पहली बार एक वोटर को ईमानदार मुख्यमंत्री को वोट देने का फायदा हुआ है। दिल्ली में महिला शस्त्रीकरण में भी अहम काम सरकार द्वारा किया गया है। महिलाओ की सुरक्षा के लिए लाखों की संख्या में उळळ्य कैमरे, बसों में मार्शल आदि उसके उदहारण है। केजरीवाल सरकार काम की राजनीति में विश्वास करती है जिसका फायदा समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को मिलता है। सारिका कालरा ने पार्टी की सदस्यता लेने के बाद राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा० सुशील गुप्ता, सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सोनीपत शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल, राहुल दहिया मौजूद रहे।

**▶▶ कालरा ने "आप" के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर आज आम आदमी पार्टी का दामन थामा**

## न्यूज फ्लैश

### संतों की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर राष्ट्र को मजबूत बनाने का करें काम : कादियान



**गन्नौर ।** लल्हेड़ी रोड पर स्थित भगवान वाल्मीकि आध्यात्मिक आश्रम में रविवार को सत्य प्रकाश जागृति मिशन की ओर से बाल योगी रवि साह जी महाराज के सानिध्य में परम पूज्य संगत साह जी महाराज के 163वें प्रकाश दिवस पर वार्षिक दिव्य वाणी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्संग करने के बाद विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने शिरकत कर योगी रवि साह महाराज से आशिर्वाद लिया। इससे पहले आयोजकों ने कादियान का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि ब्रह्मलीन बाबा संगत साह जी महाराज जो कि आध्यात्मिक चेतना के प्रेरणा स्रोत है। जिन्होंने अपनी आध्यात्मिक वाणियों से मानव को आध्यात्मिक रूप से जागृत किया, आज भी उनकी वाणियां प्रत्येक आध्यात्मिक पथिक का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह संत महात्माओं की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को और मजबूत बनाने का काम करें इस अवसर पर नरेश, राकेश, रवि, रामचरण फौजी, धीरा भगत, राजपाल, अशोक, रामदास कुराड़, ओमप्रकाश, अमित, प्रदीप कुमार, अमृत पहलवान आदि मौजूद रहे।

### महानतम योद्धाओं और राजाओं में पृथ्वीराज चौहान को याद किया जाता है : जयभगवान



**राई ।** दहिसरा गांव में पृथ्वीराज चौहान के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि इतिहास और संस्कृति की भूमि है, जिसमें कई राज्य, राजवंश और शासक देश के परिदृश्य पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। ऐसे ही एक शासक हैं हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान, जिन्हें मध्यकालीन भारत के महानतम योद्धाओं और राजाओं में से एक के रूप में याद किया जाता है। पृथ्वीराज चौहान बचपन से ही एक कुशल योद्धा थे, जिनके जीवन काल में हर कदम पर परेशानी और चुनौती थी। इस दौरान उन्होंने पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और 1 लाख 51 हजार रूपए का सहयोग गांव में प्रतिमा स्थापित करने के लिए दिया और 11 हजार रूपए का सहयोग करनी सेना को दिया। इसके अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले 5 विद्यार्थियों को 5100-5100 रूपए की राशि से सम्मानित किया। इस दौरान समाज व क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए करनी सेना की तरफ से जयभगवान आंतिल को सम्मानित किया गया। आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान का जीवन अपनी परेशानियों और चुनौतियों के बिना नहीं था, उनके प्रारंभिक जीवन ने एक योद्धा और नेता के रूप में उनकी भविष्य की सफलताओं की नींव रखी। 11 वर्ष की आयु में पृथ्वीराज चौहान ने अपने पिता की मृत्यु के बाद दिल्ली और अजमेर का शासन संभाला और अपनी बहादुरी के दम पर उनकी सीमा बढ़ाई। काफी संख्या में दूर-दूर से आए गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 'भक्तों ने मिलजुल कर उत्सव मनाया है'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

श्री श्याम भक्त युवा मंडल पिपली द्वारा" शनिवार रात्रि भगवान नगर पिपली में "एक शाम मेरे श्याम के नाम" और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। आयोजन मंडल सदस्य सुमित खत्री ने बताया कि पिपली में पहली बार आयोजित इस संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैथल के गायक बहादुर सैनी और यमुनानगर से अनिकेत कम्बोज ने श्याम जी के मधुर भजनों से समां बांधा। है शान बड़ी ऊंची मेरे खाटू श्याम की



प्यारे.....,जिसको भी दिया है तुने बेहिसाब ही दिया है ........,आज तुमको ये किसने संवारा है कान्हा......,भक्तों ने मिलजुल कर उत्सव मनाया है,एक कमी आपकी श्याम आ जाइये......, और श्याम धमाल पर श्रद्धालु झूम उठे। आयोजकों ने सभी सहयोगियों को सम्मानित किया। संकीर्तन के साथ-साथ लगातार भंडारा चलता रहा। श्याम आरती में श्री राम मंदिर के पुजारी राजीव कौशिक,अमर पंडित,श्री खाटू श्याम चैरिटेबल सोसाइटी कुरुक्षेत्र से प्रधान मनोज कंसल,राकेश गुप्ता,शिव वैद,श्री राम मंदिर सेवा समिति के प्रधान प्रवीण कुमार रहेजा,चरणजीत मेहंदीरत्ता,रामभज मनचंदा,रामनारायण मदान,राकेश कुमार,जगदीश कुमार,सतपाल बंसल,सुमित गोयल,सन्नी महरोत्रा,ऋषभ कुंद्रा,संजीव सेतिया,सन्नी मुन्जाल,सुनील बाजवा,सुनील बाजवा,राहुल अरोड़ा,शुभम गुप्ता,हितेश और सतपाल खुराना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## प्रशिक्षण प्रमुख किशोर ने भ्रमण किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

जिला सोनीपत के ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी के प्रांगण में संस्कृत भारती एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिविर चालक प्रशिक्षण वर्ग के नौवें दिन उत्तरक्षेत्र प्रशिक्षण प्रमुख कौशल किशोर ने भ्रमण किया। प्रातः काल कौशल किशोर ने प्रान्तीय कार्यकर्ताओं सहित मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया।प्रशिक्षण प्रमुख ने बताया कि कक्षा में शिक्षण को प्रभावी कैसे बनाया जाए और शिक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गईउन्होंने शिविरार्थियों को बताया कि किन मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए? संवाद शिविरों में पढ़ाने के क्या लाभ है?वंदना सत्र के बाद हरियाणा प्रांत के प्रचार प्रसार




प्रमुख श्री सत्येंद्र ने मुख्य शिक्षक के रूप में कार्य किया और कक्षा शिविर को पढ़ाया।बाद में शिक्षक के रूप में कार्यरत श्री नीरज ने बिन्दुओं पर चर्चा कर अभ्यास का संचालन किया। रिक्त पाठ में सभी सहभागियों ने विभिन्न पाठ बिन्दुओं का अभ्यास किया।इसके अतिरिक्त श्रीशदेव पुजारी, अखिल भारतीय संचार प्रमुख, श्री नरेंद्र जी संगठन मंत्री, उत्तरक्षेत्र ने भी शिविर में चलित कक्षा का औचक दौरा किया।

## बरसात में वन विभाग लगाएगा लाखों पौधेः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि इस वर्ष जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत बरसात के दिनों सरकारी वन भूमि, संस्थागत भूमि, पंचायत भूमि, बणी जीर्णोद्धार, शिवधाम तथा निजी भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे। विधायक सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि क्षतिपूर्ति प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण में पौधागिरी अभियान के तहत राज्य के सभी स्कूलों के कक्षा छठीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों तथा जल शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग को निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाएगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 15 जुलाई 2018



को ताउ देवी लाल खेल परिसर में मौलसरी का पौधा लगाकर पौधागिरी अभियान का शुभारंभ किया था। इस अभियान का उदेश्य राज्य में हरियाली को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना है। इस अभियान के तहत मॉनसून सत्र के दौरान जिले में लाखों पौधे लगाए जाएंगे, ताकि हरित क्षेत्र को बढ़ावा जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों के साथ-साथ निजी स्कूलों की छठी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के साथ-साथ आम नागरिक भी मॉनसून के तीन महीनों के दौरान एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

वृक्षारोपण से पर्यावरण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को वन विभाग की ओर से एक पौधा मिलेगा, जिसे वे अपने घरों के बगीचे, मैदान, पार्क, स्कूल या फिर कहीं खुली जगह में लगा सकते हैं।

## भाजपा की उल्टी गिनती शुरू: राव

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़।** देश व प्रदेश में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है । राहुल गांधी की पदयात्रा के बाद पूरे देश का माहौल बदला है। कर्नाटक की हार के बाद भाजपा बौखलाई हुई है। उक्त विचार कांग्रेस विधायक राव दान सिंह ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गांवो में लोगों को संबोधित करते हुए कहे। कांग्रेस पार्टी द्वारा महेंद्रगढ़ में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत कांग्रेस विधायक राव दानसिंह ने पायगा, जाटवास, खरौली, खातीवास, जोनावास सहित अनेक गांवों में लोगों से मुलाकात की। कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराया।

# 'पंडित राम प्रसाद बिस्मिल क्रान्तिकारी धारा के प्रमुख सेनानी थे'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )** राम प्रसाद बिस्मिल भारतीय क्रांतिकारी स्वाधीनता आंदोलन के एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके नाम से ही क्रांति की मानस अनुभव होने लगती है। जब वे स्वयं और उनके साथी क्रांति के माध्यम से देश को स्वाधीन करने के महान कार्य में लगे हुए थे तब पूरा देश अपने इन महान क्रांतिकारियों के पीछे खड़ा था। वास्तविक भारतीय स्वाधीनता आंदोलन का नेतृत्व रामप्रसाद बिस्मिल और उन जैसे क्रांतिकारियों के हाथों में ही था। यह विचार पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि मिशन मिशन के संस्थापक डा.




श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर ब्रम्हचारियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के ब्रहचारियों ने बिस्मिल पर अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारत के इस महान क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल जी का जन्म 11 जून 18 97 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था । मात्र 30 वर्ष की अवस्था में 19 दिसंबर 1927 को उन्हें अत्याचारी ब्रिटिश सरकार के द्वारा फांसी दे दी गई थी। इस काल में ही उन्होंने ऐसे महान क्रांतिकारी कार्य किए जिससे उनका भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारी इतिहास में नाम अमर हो गया। भारत राष्ट्र के लिए बिस्मिल सदैव अमर रहेंगे। कार्यक्रम में आश्रम के ब्रह्मचारी, सदस्य सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम से हुआ।

# खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए जरूरी है योगः सतवीर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

21 जून 2023 को सोनीपत जिले में आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। योग आयोग ने इस 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता निश्चित करने के लिए जिले की 5 योग संस्थाओं को भी विशेष निमंत्रण दिया है। इन संस्थाओं में से एक लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर योग प्रशिक्षक लक्ष्मीनारायण और समिति के कार्यकारिणी व योग प्रशिक्षक सतवीर गौतम आज सोनीपत जिले के गांव माहरा में कुश्ती कोच सुशील शास्त्री के विशेष अनुरोध पर खिलाड़ियों को योग के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाने पहुंचे। खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक सतवीर गौतम ने खिलाड़ियों को बताया कि खिलाड़ियों को फिटनेस और परफेक्शन को बरकरार रखने के लिए योग अति आवश्यक है। जो खिलाड़ी फिट और परफेक्ट होते हैं मैडल भी उन्ही के गले की शोभा बनते हैं। वर्तमान दौर में खिलाड़ियों के लिए, योग से बेहतर कोई विकल्प नही है। योगासन व प्राणायामों से खिलाड़ियों का माइंड और बॉडी का तालमेल बढ़िया बनता है जिसके परिणामस्वरूप उनका शरीर ऊर्जावान व फुर्तीला बन जाता है। योग तनाव व चिंता को कम करने व आत्मविश्वास पैदा करने में भी सहायक होता है। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित खिलाड़ियों को ताड़ासन,वृक्षासन,त्रिकोणासन, पद्मासन,वज्रासन,भस्त्रिका,कपाल भाति, अनुलोमविलोम, शीतली प्राणायामों का अभ्यास करवाया। समिति प्रधान ने खिलाड़ियों को सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाते हुए बताया कि सूर्यनमस्कार सम्पूर्ण शरीर की एक्सरसाइज है। इसके अभ्यास में 7 आसनों जैसे नमन,हस्त-उत्तान,पादहस्तासन, अश्वसंचालन,पर्वतासन,अष्टांग आसन,भुजंगासन का लाभ प्राप्त होता है।

इस अवसर पर कुश्ती कोच सुशील शास्त्री के साथ साथ मुकेश,मास्टर धर्मवीर,,अर्जुन आर्य, अयान,सौरभ आदि भी उपस्थित रहे।

# राजीव जैन ने बचाई राहगीर की जान

## राजीव जैन ने गाड़ी में डालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** रात को 10 बजे का समय एक मोटरसाइकल सवार युवक वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिर जाता है और उसके शरीर से खून बह रहा था। उसके चारों तरफ लोगों की भीड़ थी परंतु कोई हाथ लगाने को तैयार नहीं था। उधर से जा रहे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने तुरंत अपनी गाड़ी में डालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाया। घटना शनिवार रात की है और घायल की पहचान अनिल वासी गांव बैयांपुर हुई। वह रोडवेज में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। राजीव जैन ने परिवारजनों को सूचना दिलवाई और



परिजनों के आने तक अस्पताल में मौजूद रहे। राजीव जैन ने कहा कि राहगीर ऐसे हालात में पुलिस के झंझटों से बचना चाहते हैं जबकि कानून के मुताबिक अब पुलिस कोई पूछताछ नहीं करती। घायल को सही समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच जाती है जो मानवता के नाते आवश्यक हैं।

# बुजुर्ग के साथ हुई धोखाधड़ी में सीसीटीवी फुटेज आई सामने

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** नगर पालिका रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पिछले दिनों रुपए जमा करवाने आए बुजुर्ग से एक ठग ने की 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी का बुजुर्ग ने थाना गन्नौर में मामला दर्ज भी करवा दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में पुलिस ने बैंक में पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो संदिग्ध की तस्वीर कैमरे में कैद मिली। जिसके आधार पर अब पुलिस ने संदिग्ध की तलाश और तेज कर दी है। हालांकि अभी तक पुलिस आरोपित की पहचान नहीं कर पाई है। बता दें कि चिरस्मी गांव के रामसिंह 6 जून को शहर के पंजाब नेशनल बैंक में अपने खाते में 50 हजार रुपए जमा करवाने के लिए गया था। इस दौरान बैंक में मौजूद एक आदमी ने खुद को रामसिंह के गांव का ही बता कर उसे अपनी बातों में फसा लिया। जिसके बाद रामसिंह ने उस व्यक्ति को अपने 50 हजार रुपए बैंक में जमा करवाने के लिए दे दिए। व्यक्ति बैंक में रुपए जमा कराने की रसीद रामसिंह के हाथ में थमा दी, लेकिन रुपए खाते में जमा नहीं करवाए और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रामसिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

आप की महारैली के बाद भाजपा का हमला

# 'पूरी पार्टी में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही...',

## आज दिल्ली वाले बेहद शर्मिंदा महसूस कर रहे है, केजरीवाल भ्रष्टाचारी नकारा है, यह सब उपमाएं उनकों मिलती रही है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** द्वारा लाए अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने महारैली का आयोजन किया। आप नेताओं ने अपनी इस महारैली में केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। अब आम आदमी पार्टी की महारैली के जवाब में दिल्ली भाजपा ने प्रेस वार्ता कर केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल को भ्रष्टाचारी बताया है। प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी ने बारी-बारी से केजरीवाल सरकार पर हमला बोला और उनकी कार्यशैल पर सवाल उठाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीरेंद्र सचदेवा ने बोलते हुए कहा- आज दिल्ली वाले बेहद शर्मिंदा महसूस कर रहे है। केजरीवाल भ्रष्टाचारी नकारा है। यह सब उपमाएं उनकों मिलती रही है। आज जिस भाषा का केजरीवाल ने जो उपयोग किया है वह छिछोरी हरकत है। केजरीवाल ने कहा 100- 100 जैन और सिसोदिया हैं। यानी पूरी पार्टी भ्रष्ट हो गई है। यह पार्टी धूर्त और मक्कारों की पार्टी है। 100-100 जैन और सिसोदिया होंगे तो दिल्ली की क्या हालत होगी। इनकी परविश पर तरस आता है। रामलीला मैदान में भीड़ इकट्ठी नहीं हुई तो दिल्ली वालों को गाली दे रहे हैं। मुझे उम्मीद थी वह अपने बच्चों को लेकर आते तो बताते कि आवास में पर्दे क्यों लगाए। बच्चो की कसम खाकर बताते कि क्यों गली-गली में शराब की दुकानें खोली है। यह आम आदमी नहीं यह भ्रष्टाचारी है। हमारा यह संकल्प है कि केजरीवाल को वही? लेकर जाएंगे जहां पर सिसोदिया और जैन है।

**रामलीला मैदान का होगा शुद्धिकरण:** इस प्रेस वार्ता में पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने कहा- रामलीला मैदान का अब शुद्धिकरण करना पड़ेगा। जिस रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया आज वहां अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए रामलीला मैदान पहुंचे । दिल्ली वालों से वोट लेकर देश से घूमते लेकिन यमुना की सफाई करने पर ध्यान नहीं देते।

**जिन्हें बताते थे भ्रष्ट आज उन्हीं से मिलाया हाथ:** रमेश बिधूड़ी ने कहा- एक लाख लोगों को लाने की बात थी, लेकिन टेंट वालों के साथ काम करने वाले से बात की तो उसे तो 10 हजार कुर्सियों की पेमेंट मिली है। कपिल सिब्बल जिन्हें वह भ्रष्ट कहते थे। आज उनके कसीदें पढ़ रहे थे।
उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा 19 मई को जारी अध्यादेश में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया, जिसने सेवाओं से संबंधित मामलों पर कार्यकारी नियंत्रण को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया है।



### 1977 में जनता पार्टी की विजय रैली

**इंदिरा** गांधी की इमरजेंसी के बाद जेपी आंदोलन ने तूल पकड़ा। इस आंदोलन के बाद हुए 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की लोकसभा चुनाव में शर्मनाक हार हुई। जेपी के समर्थन वाली जनता पार्टी ने धमाकेदार जीत दर्ज की थी। जीत का जश्न मनाने के लिए जनता पार्टी के नेताओं ने रामलीला मैदान का ही चयन किया था। रामधारी सिंह दिनकर की पंक्ति से मशहूर हुआ नारा "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" भी इससी मैदान पर गूंजा था।

**2011 का अन्ना आंदोलन** : लोकपाल बिल की मांग करते हुए समाजसेवी अन्ना हजारे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। अन्ना के अनशन से अरविंद केजरीवाल, किरण बेदी और कुमार विश्वास जैसी कई नामचीन हस्तियां जुड़ी। अन्ना ने आंदोलन के लिए भी रामलीला मैदान ही चुना था।

### आरोप-प्रत्यारोप

● केजरीवाल ने कहा 100-100 जैन और सिसोदिया हैं। यानी पूरी पार्टी भ्रष्ट हो गई है: सचदेवा

## रामलीला मैदान कई बार बना राजनीति का अखाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ हुंकार भरने के लिए रामलीला मैदान का चयन किया। ऐसा पहली बार नहीं है जब अरविंद केजरीवाल कोई बड़ा राजनीतिक कदम उठाने के लिए रामलीला मैदान के मंच का इस्तेमाल कर रहे हैं।
केजरीवाल इससे पहले भी कई बार रामलीला मैदान को अपनी राजनीति का अखाड़ा बना चुके हैं। इस रामलीला मैदान से केजरीवाल ने अन्ना हजारे के साथ मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, जिसमें तत्कालीन मनमोहन सरकार ने घुटने टेक दिए थे। रामलीला मैदान को कई बड़े-बड़े नेताओं ने राजनीति का अखाड़ा बनाया है।

## पुलिस के दो कर्मियों पर चलेगा रिश्वतखोरी का केस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस के दो कर्मियों पर एक व्यक्ति द्वारा की शिकायत को दबाने के आरोप में मुकदमा चलाने का निर्देश देते हुए रिश्वतखोरी और आपराधिक साजिश के आरोप दर्ज करने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश संजीव कुमार मल्होत्रा ने निर्देश दिया कि सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) जौहरी सिंह और हेड कांस्टेबल प्रदीप भारद्वाज के खिलाफ विजय सिंह द्वारा दायर शिकायत पर रिश्वतखोरी और आपराधिक साजिश के आरोप दर्ज किए जाएं। अदालत ने नौ जून को पारित अपने आदेश में कहा कि दोनों आरोपितों के खिलाफ रिकॉर्ड में पर्याप्त सबूत हैं।
न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता, गवाह और रिकॉर्ड में पेश की सामग्री के बयान पर मेरी राय है कि प्रथम दृष्टया आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) और धारा 7/13 (1) (डी) (रिश्वतखोरी) के तहत मामला बनता है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी के साथ भ्रष्टाचार निरोधक कानून का मामला बनता है। इसके अनुसार, उनके खिलाफ उपरोक्त धाराओं के लिए आरोप तय किए जाएं। वहीं, आरोपितों ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए दावा किया कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया गया है।

**शिकायत दबाने के लिए मांगे थे 10 हजार: शिकायतकर्ता:** विजय सिंह ने दावा किया था कि उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ बाड़ा हिन्दू थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसको दबाने के लिए वहां तैनात पुलिसकर्मी ने 10 हजार रुपये की मांग की थी।

### आदेश

● अदालत ने नौ जून को पारित अपने आदेश में कहा कि दोनों आरोपितों के खिलाफ रिकॉर्ड में पर्याप्त सबूत हैं

## 2000 से अधिक स्मार्ट फोन नेपाल बेचे, पांच काबू

### 52 मोबाइल, चार बाइक, दो पिस्टल और एक डायरी बरामद की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी औ**र मध्य दिल्ली इलाके में ताबड़तोड़ झपटमारी, लूटपाट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को पटेल नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह चोरी और लूट के स्मार्टफोन को नेपाल में बेचते थे। पुलिस ने शीतल उर्फ गोपी, गोपेश, सत्येंद्र उर्फ तुषार, आकाश और मोहम्मद रब्बानी को गिरफ्तार किया है। गिरोह द्वारा अब तक 2000 स्मार्ट फोन नेपाल में बेचा जा चुका है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 52 मोबाइल, चार बाइक, दो पिस्टल और एक डायरी बरामद की है। बदमाशों ने डायरी में स्मार्ट फोन को नेपाल बेचने का हिसाब लिखा है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने फिलहाल लूट और चोरी के 26 मामले सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी संजय कुमार सेन के अनुसार, मध्य



जिला में हो रही झपटमारी और लूट के मामलों की जांच के लिए कई टीमें लगी हुई थीं। पांच जून को बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल लूट लिया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच के बाद दोनों की पहचान की गई। वेस्ट पटेल नगर से शीतल और आकाश को दबोचा गया। इनके पास से पिस्टल, चाकू, कारतूस व मोती नगर से लूटे गए दो मोबाइल बरामद हुए। दोनों की निशानदेही पर सत्येंद्र उर्फ तुषार और मोहम्मद रब्बानी को भी पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बदमाश लूटे और चोरी किए गए स्मार्ट फोन को अन्य गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की मदद से नेपाल में बेच दिया करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाश मोबाइल लूटने या चोरी करने के बाद सबसे पहले उसे बंद कर देते थे। इसके बाद बिना आन किए नेपाल बेचते थे। वहां की मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियां अलग हैं ऐसे में पकड़े जाने की संभावना नहीं होती।

## महिला सिपाही के साथ फरेब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पूर्वी जिले में तैनात दिल्ली पुलिस की एक महिला सिपाही से साढ़े 13 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को क्रिकेटर बताकर पीड़िता से इंस्टाग्राम के जरिये दोस्ती की। इसके बाद पीड़िता से मुलाकात कर उसका अश्लील फोटो और वीडियो ले लिया। बाद में पीड़िता से पहले 8.25 लाख और फिर 5.12 लाख रुपये वसूल लिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपी सिपाही के अश्लील फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे चुप रहने के लिए कहने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने शिकायत साइबर थाने में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी ने इसी तरह कई लड़कियों को जाल में फंसाकर वसूली की है। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, रेखा (बदला हुआ नाम) बुराड़ी में रहती है। वह दिल्ली पुलिस में सिपाही है। इसकी तैनाती पूर्वी जिले में है। पुलिस को दिए बयान में रेखा ने बताया कि पिछले साल इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती विक्की तोमर नामक युवक से हुई थी। उसने खुद को दिल्ली रणजी टीम का खिलाड़ी बताया। आरोपी ने खुद को बागपत निवासी बताने के अलावा बताया कि जल्द ही आईपीएल टीम में उसका चयन होने वाला है। विक्की का कहना था कि उसकी मां स्कूल में प्रिंसिपल है, जबकि पिता लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त हैं। चैटिंग के दौरान दोनों की गहरी दोस्ती हो गई। मिलना-जुलना भी शुरू कर दिया। पिछले साल दिसंबर में विक्की ने रेखा को पश्चिम विहार के एक रेस्तरां में बुलाया, वहां अंगूठी देकर शादी का प्रस्ताव रखा।

## घर के पास टहल रही है किशोरी से लोडिंग वाहन चालक ने किया दुष्कर्म

### शर्मनाक

● आरोपित उसकी दोस्त को जानता था। इसी वजह उसने हमे लोडिंग वाहन में बैठने का अनुरोध करता है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुरानी** दिल्ली स्थित बुराड़ी थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया यह घटना तब हुई जब वह अपनी एक दोस्त के साथ घर के पास टहल रही थी। पुलिस ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 8 जून की है जब दो नाबालिग लड़की अपने घर के पास टहल रही थीं। शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि आरोपित उसकी दोस्त को जानता था। इसी वजह उसने हमे लोडिंग वाहन में बैठने का अनुरोध करता है।




**लोडिंग वाहन में किया दुष्कर्म:** इस पर हमने शुरू में आपत्ति जताई और बैठने से मना कर दिया, लेकिन बाद में हम उसके वाहन में बैठ गए और आरोपित ने मेरी दोस्त को उसके घर छोड़ने के बाद अजीत विहार में एक सुनसान जगह ले गया, जहां उसने शक्ति एन्क्लेव इलाके में वाहन के अंदर पीड़िता से दुष्कर्म किया।

**जांच के बाद वाहन जब्त:** आरोपित के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित स्कूल ड्रॉप आउट है और एक लोडिंग वाहन चलाता है। साथ ही फोरेंसिक जांच के बाद वाहन को भी जब्त कर लिया है।

## निकलने में हुई दिक्कत तो झोंकी फायर

### शोक सभा में दोस्तों के साथ पहुंचा नाबालिग, पीड़ितों के साथ की मारपीट




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बुध विहार इलाके में गली में शोक सभा का आयोजन करने का विरोध करते हुए एक नाबालिग ने हंगामा कर दिया। नाबालिग अपने साथियों को बुलाकर पीड़ित परिवार के घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ और सदस्यों के साथ मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने पीड़ित परिवार पर दो राउंड गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गिरफ्तार दो आरोपियों की पहचान किराड़ी निवासी अभिषेक और सेक्टर 20 रोहिणी निवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पिस्टल बरामद कर लिया है। मांगेराम पार्क एक्सटेंशन में रहने वाले शिकायतकर्ता के परिवार के एक बुजुर्ग सदस्य का देहांत हो गया था। 10 जून को उन लोगों ने घर के सामने गली में शोक सभा का आयोजन किया था। शोक सभा के दौरान इलाके का रहने वाला एक नाबालिग अपने दो साथियों के साथ बाइक से गली में आया। आने-जाने में दिक्कत होने पर उन लोगों ने पीड़ित परिवार के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित परिवार के विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी। जिसमें दो लोगों को चोट आई। शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी बाइक छोड़कर मौके से भाग गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अंबेडकर अस्पताल ले गए। शिकायतकर्ता के परिवार के सदस्य अपने घर चले गए। कुछ देर बाद नाबालिग अपने साथियों दीपक, बाबू और लालू के साथ वहां वापस आया। हमलावर जबरदस्ती शिकायतकर्ता के घर में घुस गए और तोड़फोड़ की। परिजनों ने किसी तरह हमलावरों को घर से बाहर निकाला। इस दौरान नाबालिग के कहने पर बाबू ने पीड़ित पर दो राउंड गोली चला दी। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस टीम ने निरीक्षक सत्यबीर सिंह के नेतृत्व में हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी और नाबालिग समेत तीन आरोपी को पकड़ लिया।

## झुग्गियों में रहने वालों के लिए खुशखबरी, डीडीए देगा 'अपना घर'

### झुग्गीवासियों के लिए बने फ्लैट के आवंटन में देरी हो सकती है, क्योंकि जलापूर्ति व सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा नहीं हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जेलरवाला बाग में झुग्गीवासियों के लिए बने फ्लैट के आवंटन में देरी हो सकती है, क्योंकि जलापूर्ति व सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा नहीं हुआ है।

**डीडीए जेलरवाला बाग में बना रहा 1675 फ्लैट:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड के पास पैसा जमा कराने के बावजूद अभरी तक अनुमति नहीं दी गई है। अनुमति मिलने के बाद ही यह काम हो सकेगा। डीडीए जेलरवाला बाग में 1675 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट बना रहा है। दिल्ली जल बोर्ड से इन फ्लैटों के



लिए जल बोर्ड से जलापूर्ति व सीवरेज नेटवर्क योजना के लिए अनुमति मांगी थी। इसके लिए जल बोर्ड के पास लगभग 16 करोड़ रुपये जमा करा दिए गए थे। संबंधित अधिकारी से लगातार संपर्क किया जा रहा था। दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (पीएंडडी) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को बताया कि किसी कारणवश इस योजना पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। बैठक के मिनट्स जारी होने पर ही रोक लगाने के कारण का पता चल सकेगा।

**फ्लैट आवंटन के लिए हो चुका है ड्रा:** डीडीए अधिकारियों का कहना है कि चार अप्रैल को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने निर्माण स्थल का दौरा कर 31 मई तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था। फ्लैट आवंटन के लिए ड्रा भी हो चुका है। इसी माह में इसका उद्घाटन प्रस्तावित है। यदि जल बोर्ड से अनुमति नहीं मिली, तो जलपूर्ति और सीवर लाइन बिछाने के काम में देरी होगी। ऐसे में फ्लैट के आवंटन में देर होना स्वाभाविक है। इधर, इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड से उसका पक्ष मांगा गया, जो उपलब्ध नहीं हो सका।

## एम्स में चल रही मंत्रों के विज्ञान की खोज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंत्रोच्चार** के पीछे के विज्ञान का पता लगाने की दिशा में एम्स प्रशासन ने कदम बढ़ाया है। शुरूआत गायत्री मंत्र और ओम के उच्चारण से की गई है। एम्स का फिजियोलॉजी विभाग संकाय सदस्य, रिसर्च स्कॉलर, विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ हर दिन 10 से 15 मिनट मंत्र उच्चारण कर रहे हैं। इस दौरान वैज्ञानिक तरीके से मंत्रोच्चार के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है।
अध्ययनकर्ताअओं का दावा है कि शुरूआती नतीजे सकारात्मक हैं। इसे देखते हुए एम्स में अलग से अध्यात्म व विज्ञान विभाग शुरू करने की भी तैयारी है। इससे दूसरे मंत्रों पर भी इसका प्रयोग किया जाएगा।

**ऐसे काम कर रहा सिस्टम**
शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को मापने के लिए वायरलेस फिजियोलॉजी मॉनिटरिंग का प्रयोग किया जाता है। इसमें लगे सेंसर शरीर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखते हैं। बाद में इसमें एकत्रित हुए आंकड़ों का अन्य यंत्र की मदद से अध्ययन किया जाता है। इस अध्ययन के आधार पर तय होता है कि शरीर में पहले के मुकाबले क्या बदलाव आया है।

**विशेष क्लीनिक शुरू किए जाएंगे :** एम्स में स्वयम योग क्रेडिट पाठ्यक्रम के शुभारंभ के दौरान एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि एम्स जल्द ही योग और ध्यान को लेकर विशेष क्लीनिक की शुरूआत करेगा। एम्स मरीजों की सेवा के लिए दिन रात काम कर रहा है। योग और ध्यान की मदद से मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।
यह क्लीनिक कई विभागों के साथ मिलकर काम करेगा।

## ड्रग्स का मकड़जाल: दिल्ली के कई इलाकों में है तस्करों का अड्डा

### कोरियर बना तस्करी का सबसे आसान जरिया, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर इस पर कार्रवाई की जाती है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में वैसे तो ड्रग्स के 64 हाट स्पाट हैं, जहां पर ड्रग्स का काला कारोबार धड़ल्ले चलता हैं, लेकिन इनमें 11 ऐसे इलाके हैं जो दिल्ली पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। इन 11 क्षेत्रों में ड्रग्स की फैक्ट्रियां चलाई जाती हैं। यहां पर विदेश से आए कच्चे माल में केमिकल मिलाकर अलग-अलग तरह का ड्रग्स तैयार किया जाता है। दिल्ली पुलिस ने गत 14 मार्च को पूर्वी दिल्ली के मौजपुर में छापेमारी का ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। यहां के से गिरफ्तार किए गए तस्करों का के तार अफगानिस्तान लेकर उत्तर पूर्वी राज्यों तक पाए गए थे।

**काफी मजबूत है तस्करों के सूचना तंत्र:** इसी तरह गत वर्ष भी पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के इलाके में संचालित ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। ड्रग्स बनाने के लिए तस्कर ऐसी जगह का चुनाव करते हैं तो संकरे और घनी आबादी वाला क्षेत्र हो।
यहां पर मकान किराए पर लेकर फैक्ट्री चलाई जाती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर इस पर कार्रवाई की जाती है, कई बार सफलता मिलती है, कई बार नहीं भी।
तस्करों का सूचना तंत्र काफी बड़ा है। छापेमारी के दौरान भनक लगने वर वे या तो फरार हो जाते हैं या फिर ड्रग्स को नष्ट कर देते हैं।

**दक्षिण और पूर्वी दिल्ली है तस्करो का ठिकाना:** दक्षिणी और पूर्वी दिल्ली के संघन आबादी वाले क्षेत्रों में तस्करों को आसानी से अपना ठिकाना मिल जाता है। यहां



पर उनका पुलिस से सत्यापन भी नहीं कराया जाता है। दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली के इलाके छतरपुर,जाकिर नगर, तैमूर नगर,आरके पुरम, संगम विहार, खिड़की एक्सटेंशन,मालवीय नगर, महिपालपुर, मोहन गार्डन, नवादा और उत्तम नगर के इलाके में अधिकतर विदेशी नागरिक ड्रग्स का कारोबार करते हैं। इनमें अफगानिस्तान, नाइजीरिया, केन्या समेत अन्य अफ्रीकी देशों के लोग शामिल होते हैं। यह लोग ड्रग्स पेडलिंग के साथ ही कच्चे माल से अलग-अलग तरह के ड्रग्स तैयार भी करते हैं।

**तस्करी के लिए कोरियर सबसे आसान जरिया:** एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में ड्रग्स की तस्करी सबसे ज्यादा कोरियर के जरिये हो रही है। दिल्ली से एनसीआर और अन्य राज्यों में कोरियर द्वारा की ड्रग्स की सप्लाई की जाती है। ड्रग्स को विशेष प्रकार से पैक कर उसे दिल्ली में किसी भी कोरियर कंपनी के द्वारा कहीं भी भेजा जा सकता है। चूंकि वहां पर हजारों की संख्या में कोरियर होते हैं ऐसे में सभी को खोलकर जांच करना संभव नहीं हो पाता और न ही सभी की जांच की जाती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली में कोरियर भेजने वाली हजारों कंपनियां हैं। इनके कार्यालय दिल्ली में लगभग सभी जगहों पर हैं।

**यह क्षेत्र हैं सबसे बड़े ड्रग्स हॉट स्पॉट:** नंद नगरी, ज्वाला नगर, न्यू सीलमपुर, शास्त्री पार्क बुलंद मस्जिद, त्रिलोकपुरी, जाकिर नगर, तैमूर नगर, हजरत निजामुद्दीन, संगम विहार, छतरपुर, आरके पुरम, खिड़की एक्सटेंशन,मालवीय नगर, महिपालपुर ऐसे इलाके हैं, जहां ड्रग्स की अवैध फैक्ट्रियां धड़ल्ले से चल रही हैं।

**हाल में पकड़ी गई ड्रग्स की बड़ी खेप: छह जून 2023:** एनसीबी ने एलएसडी की 14,961 ब्लोट्स यानी स्टाम्प के साथ एक महिला समेत छह तस्करों को गिरफ्तार कर पैन इंडिया डार्क नेट ड्रग्स तस्करों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया।

### कार्रवाई

● यहां पर विदेश से आए कच्चे माल में केमिकल मिलाकर अलग-अलग तरह का ड्रग्स तैयार किया जाता है

## न्यूज फ्लैश

### बाईक चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शमशेर उर्फ मोहित पुत्र पवन निवासी जौली जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 10 जून को विकास पुत्र आनंद निवासी गांव जौली जिला सोनीपत ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि दिनांक 08/06/2023 को रात को करीब 8 ढट पर मैंने अपनी बाईक अपने मकान के सामने गली में खड़ी की थी जो अगले दिन सुबह देखा तो मुझे अपनी बाईक वहां पर खड़ी नहीं मिली, जो किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने चोरी कर ली है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना सदर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त हेड कॉन्सटेबल संदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी शमशेर उर्फ मोहित पुत्र पवन निवासी जौली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में चोरीशुदा मोटर साइकिल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### अलग-अलग घटनाओं में सात आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सोनीपत:** जिले के थाना राई की पुलिस ने एक सटटेबाज को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी बलजीत पुत्र किशन वासी झुण्डपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि थाना राई में नियुक्त अरकसतीश ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोजबीन करते हुये गाँव झुंडपुर चौपाल के नजदीक से अवैध रूप से सटटेबाजी करते हुये उक्त आरोपी बलजीत पुत्र किशन वासी झुण्डपुर को रंगे हाथों गिरफतार किया है। मौका से 2230 रुपए अवैध सटटेबाजी की धनराशी को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध जुआं अधिनियम के अन्तर्गत थाना राई में अभियोग दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा किया है।

**दूसरी घटना में:**-जिले के थाना सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस ने छह जुआरियों सटटेबाज को गिरफतार किया है। गिरफ्तार आरोपी सचिन पुत्र बलदेव कुमार वासी दिल्ली कैम्प सोनीपत, रोशन पुत्र रवि किशन वासी धनपुरा जिला मुंगेर विहार हाल सैक्टर-15 सोनीपत, शिव शंकर पुत्र श्याम बहादुर वासी आशियाना ढोला जिला शिवान विहार हाल होली चाईलड सोनीपत, सौरव पुत्र रुषतमा वासी पूण शाहपुर जिला बेलिया विहार हाल गंदा नाला सोनीपत, नितीश पुत्र निर्जन पाल वासी शाहपुर जिला मुंगेर हाल बहालगढ़ सोनीपत व अमित पुत्र जयपाल वासी करयौली जिला पानीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि थाना सेक्टर-27 सोनीपत में नियुक्त ल्ठ विक्रम ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोजबीन करते हुये दिल्ली कैंप सोनीपत के नजदीक से अवैध रूप से जुआ खेलते हुए हुये उक्त आरोपियों सचिन पुत्र बलदेव कुमार वासी दिल्ली कैम्प सोनीपत, रोशन पुत्र रवि किशन वासी धनपुरा जिला मुंगेर विहार हाल सैक्टर-15 सोनीपत, शिव शंकर पुत्र श्याम बहादुर वासी आशियाना ढोला जिला शिवान विहार हाल होली चाईलड सोनीपत, सौरव पुत्र रुषतमा वासी पूण शाहपुर जिला बेलिया विहार हाल गंदा नाला सोनीपत, नितीश पुत्र निर्जन पाल वासी शाहपुर जिला मुंगेर हाल बहालगढ़ सोनीपत व अमित पुत्र जयपाल वासी करयौली जिला पानीपतको रंगे हाथों गिरफतार किया है। मौका से 7880 रुपए अवैध जुआ की धनराशी को भी बरामद किया गया है। गिरफतार आरोपियों के विरूद्ध जुआं अधिनियम के अन्तर्गत थाना सेक्टर-27 सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। गिरफतार आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा किया है।

### अवैध शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस ने अवैध शराब की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ शर्मा पुत्र बलवान सिंह निवासी सैनीपुरा सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 10 जून को थाना सिविल लाइन सोनीपत में नियुक्त सुनील अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में छोटा शनि मन्दिर सोनीपत के नजदीक मौजूद था कि मुखबिर खास से सुचना मिली दीपक उर्फ शर्मा पुत्र बलवान सिंह निवासी सैनीपुरा सोनीपत खाली प्लाट मे पराल के निचे दबाकर अवैध शराब अग्रेजी व बियर रखकर बेच रहा है। अगर फौरी रैड की जाए तो अवैध शराब अग्रेजी व बियर सहित काबू आ सकता है। जिस सूचना पर पुलिस पार्टी नजदीक सैनी धर्मशाला पहुँची जहाँ पर खाली प्लाट से एक लडका पुलिस पार्टी को देकर भागने लगा जिसको पुलिस पार्टी द्वारा नियमानुसार काबू करके नामपता पुछा तो उसने अपना नाम दीपक उर्फ शर्मा पुत्र बलवान सिंह निवासी सैनीपुरा सोनीपत के रूप में दी। जो खाली प्लाट मे पराल हटाकर देखा तो 30 बोतल बीयर मार्का 6 बोतल अग्रेजी घटना का भारतीय दण्ड सहिता की धाराओं एवं आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत थाना सिविल लाइन सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया।

# स्वास्थ्य जांच कैंप का किया आयोजन

## स्वास्थ्य जांच कैंप का उदघाटन मुखयअतिथि महिला सरपंच रीना रावल ने रिबन काट कर किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**गांव उझा** नलवा कालौनी चौपाल में आदर्श एक विश्वास वैलफेयर सोसायटी ने नि शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच कैंप का उदघाटन मुखयअतिथि महिला सरपंच रीना रावल ने रिबन काट कर किया। इस दौरान स्वास्थ्य जांच कैप में 320 मरीजो की जांच कर दवाईया दी गई । इस अवसर पर सरपंच रीना रावल ने कहा कि समाजसेवी संस्था के सहयोग से डाक्टारो की टीम ने गरीब, जरूरतमंदो के लिए निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगा कर पुण्य कमा रहे है। इस तरह के कैंपो में खाशकर गरीब मरीजो की सेवा होती है। ऐसे कैप से हम सभी को भी सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान ड़ा भवानी शंकर, ड़ा प़रम शिव गौड, ड़ा जोत ड़्रूषसंह राजा सहित अनेक मौजूद रहे।

नेशनल स्कूल गेमस दौड प्रतियोगिता में खिलाडी अन्नू देशवाल ने गोल्ड मैडल जीत कर गांव में पहुंचने पर किया सममानित। फोटो नंबर-5 पानीपत ,11 जून क़ माल हुसैन भोपाल में आयोजित नेशनल स्कूल गेमस दौड प्रतियोगिता में गांव कुराड की खिलाडी अन्नू देशवाल ने गोल्ड मैडल जीता है। खिलाडी अन्नू देशवाल द्वारा 3 किलोमीटर दौड में गोल्ड मैडल जीत कर गांव में पहुंचने पर रविवार को भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना सहित गांव के मौजिज लोगो ने उन्हें नोटो व फुलो की मालाएं पहना कर सममानित किया है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में लडकियो लडको से पिछे नही है। इसलिए हमें लडकियो को भी लडको की तरह उच्च शिक्षा देने व खेलो आदि में आगे आने के लिए उनका सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर बीरा पहलवान, अजमेर, राजकुमार, अजय कुमार, पूर्व जिला पार्षद श्यामचंद सहित अनेक मौजूद रहे।

## महन्त की तपस्या के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, गांव** सनौली खुर्द में श्री चतुर्भुज मंदिर में महन्त श्रीवणगिरी महराज की 41 दिनो की गई पांच धुनो की तपस्या के समापन पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के महन्त श्री श्रवणगिरी महाराज ने बताया कि गांव व आसपास क्षेत्र में सुख शांति को लेकर उनकी पांचवी बार 41 दिन की पांच धुनो की तपस्या का आज समापन हुआ है। जिसमें आसपास के कई गांवों के भक्तजन तपस्या के समापन परसामुहिक रूप से गांव में सुखा शांति के लिए विशाल भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। इसमें गांव के सभी धर्म, समुदाय, जाति आदि के लोगों ने आपसी प्रेम व भाई चारे से श्री चतुर्भुज मंदिर के लिए भण्डारे में सबसे पहले सबुह हवन यज्ञ में आहुति डाली गई। इस उपरान्त गांव के मंदिर में विशाल भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर सरपंच संजय त्यागी, मांगेराम नंबरदार, शाभा, ज्ञानीराम, नरेश त्यागी, संजय, सोनू, राजेश, संदीप, महाबीर, राजपाल सहित अनेक मौजूद रहे।

## पसीना कलां में युवाओं ने 45 यूनिट रक्तदान किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
गांव पसीना कलां में सोशल वेलफेयर सोसायटी के द्वारा ग्रामीणों व रेड क्रास के सहयोग से रक्तदान कैंप लगाया गया। इसमें युवाओं ने 45 यूनिट रक्तदान किया। यह कैंप समाजसेवी आजाद नंबरदार, पंकज रावल सरपंच ने रक्तदान जीवनदान कर्यक्रम में युवाओं के सहयोग से रक्तदान कैंप लगाया गया। इस दौरान समाजसेवी आलाद नंबरदार ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करके किसी का भी जीवन बचाया जा सकता है। खासकार युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। युवा हर तीन महिने बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नही आती स्वास्थ्य रहता है।

## पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपतः** जिले के थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस ने पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी देवेन्द्र पुत्र रामधन निवासी भीम नगर सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 08 जून को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दी थी कि आज उसकी 5 साल की बेटी अपनी मां से पैसे लेके चीज लेने के लिए बाहर गई थी लेकिन काफी समय बाद भी वो घर नही आई जब आसपास उसकी तलाश कर रहे थे तब उसके पड़ोसी देवेंद्र जो एक शराबी किस्म का व्यक्ति है के घर से उसकी बेटी के रोने की आवाज आई जब अंदर जाकर देखा तो देवेंद्र उसकी लड़की के साथ गलत काम कर रहा था।

## लिटल एजल्स इंक्लूसिव स्कूल का साकेत कुंडू करेगा देश का प्रतिनिधित्व



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
दिनांक 17 जून 2023 से 25 जून 2023 तक बर्लिन, जर्मनी में होने जा रहे स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम में लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल, सोनीपत के साकेत कुंडू जैवलिन थ्रो व 400 मीटर रेस में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। 26 अलग-अलग खेलों में 190 देशों के लगभग 7000 दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही हैंडबॉल टीम कोच के रूप में स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर संजीव कुमार भी चुने गए हैं। लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल व लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने खिलाड़ी साकेत कुंडू व कोच संजीव कुमार का फूल मालाएं पहनाकर अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी।

लिटल एंजल्स स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने भी खिलाड़ी साकेत कुंडू व कोच संजीव कुमार को ढेरों बधाई एवं स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम की शुभकामनाएं दी। साकेत के अभिभावक बहुत प्रसन्न है।

# विधायक ने किया एल्डिको काउंटी सब-डिविजन मुरथल को लोकार्पित

## 33 केवी के सब स्टेशन मिलेगी लोगों को बेहतरीन विद्युत आपूर्ति: विधायक बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**एल्डिको** काउंटी सब डिविजन मुरथल में स्थापित किये गये 33 केवी के नये सब-स्टेशन को बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पित करते हुए राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यूएचबीवीएन के नव स्थापित सब-स्टेशन से संबंधित क्षेत्रवासियों को बेहतरीन विद्युत आपूर्ति मिलेगी। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि आम जनमानस को अच्छी विद्युत आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास किये गये हैं।

आवश्यकतानुसार नये सब स्टेशन भी स्थापित किये गये हैं, ताकि लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। आधुनिकता के इस दौर में बिजली बेहद जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए ही विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ किया जा रहा है। लोगों की मांग के अनुसार नये सब स्टेशन स्थापित किये जा रहे हैं। बिजली की पुरानी तारों को भी बदलवाया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की तारों को भी बदलवाया जा रहा है। लोहे के खंभों को भी बदला गया है। ट्रांसफार्मरों की लोड क्षमता को भी मांग अनुसार बढ़ाया गया है, ताकि लोगों को बिजली की कोई समस्या न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि शहरी तर्ज पर ही गांवों में भी बिजली सुविधा देने की दिशा में सफल कदम बढ़ाये गये हैं। गांवों में 24 घंटे बिजली देने के लिए म्हारा गांव-जगमग गांव योजना लागू की गई है, जिसका लाभ ग्रामीणों को उठाना चाहिए।

इस दौरान विधायक बड़ौली ने लोगों का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर बिजली चोरी पर भी लगाम लगाने में सहयोग करें।

बिजली चोरी कानूनी अपराध है, जिससे बिजली की निर्बाध आपूर्ति बाधित होती है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि बिजली की सुदृढ़ व्यवस्था की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर सुनील नैन, बबीता दहिया आदि गणमान्य व्यक्ति तथा अधिकारीगण मौजूद थे।

## कोका-कोला इंडिया ने 100% रीसाइकिल पीईटी से बनीं किनले बॉटल्स लॉन्च की

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया ने आज आंध्र प्रदेश में 100% रीसाइकिल पीईटी प्लास्टिक मटेरियल से बनी नई बॉटल्स लॉन्च की हैं। भारत में यह पहली बार है जब 100% रीसाइकिल पीईटी से बनाई गई बॉटल का इस्तेमाल फूड एवं बेवरेज के लिए किया जा रहा है। कचरा मुक्त विश्व (वर्ल्ड विदाउट वेस्ट) बनाने के लिये अपनी वैश्विक प्रतिबद्धता के अनुरूप, कंपनी ने 2030 तक अपनी पैकेजिंग में कम से कम 50% रीसाइकिल सामग्री के इस्तेमाल का लक्ष्य तय किया है और यह अपनी पैकेजिंग में ज्यादा से ज्यादा रीसाइकिल सामग्री के इस्तेमाल की दिशा में काम कर रही है। अभी कंपनी की 90% पैकेजिंग पुनःचक्रण के योग्य है, जबकि दुनियाभर में इस्तेमाल हो रहा 15% पीईटी पुनःचक्रित (रीसाइकिल पीईटी) है। नई रीसाइकिल पीईटी पैकेजिंग कंपनी के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ब्राण्ड किनले के लिये 1 लीटर की बॉटल्स में उपलब्ध है। नये बॉटल का लेबल अनोखा है, जिस पर 100% मेड फ्रॉम रिसाइकल्ड फूड ग्रेड प्लास्टिकलिखा है और यह चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रयासों को साकार करने में कोका-कोला के लिये भारत में एक बड़ी उपलब्धि है। कोका-कोला इंडिया एण्ड साउथवेस्ट एशिया में टेक्निकल एण्ड इनोवेशन के वाइस प्रेसिडेंट एनरिक एकरमैन ने कहा, हमें भारत की पहली पेय कंपनी होने पर गर्व है, जिसने उपभोक्ताओं के लिये पैकेजिंग का स्थायित्वपूर्ण विकल्प पेश करते हुए 100% पुनःचक्रित पीईटी से बनीं किनले बॉटल्स लॉन्च की हैं। फूड-ग्रेड आरपीईटी से बनीं हमारी नई बॉटल्स का महत्व इनके शुरूआती उपयोग से बढ़कर है, क्योंकि ये पूरी तरह से पुनःचक्रण के योग्य हैं और उन्हें नई बॉटल्स में रिपर्पज किया जा सकता है।

## एक आरोपी को मादक पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनीष पुत्र धर्मबीर वासी पिपली जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 10 जून को स्टाफ सोनीपत के अनुसंधानकर्ता संदीप अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियो एवं असामाजिक तत्वो की खोज मे ड्टढ पुल निकट टोल टेक्स सैदपुर पिपली रोड खरखौदा के पास मोजूद था कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि मनीष पुत्र धर्मबीर वासी पिपली नशीला पदार्थ गांजा लिए हुआ है जो गांजा बेचने का काम करता है जो इस समय शहीद दलबीर द्वार गाँव पिपली सैदपुर रोड पर खड़ा होकर सरेआम गांजा बेच रहा है अगर तुरंत छापामारी की जावे तो काफी मात्रा में नशीले पदार्थ गांजा सहित काबू आ सकता है।

## नवीन बंटी ने बालोर गांव में लगाया स्वास्थ्य जांच कैंप



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने हलके के बालोर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगवाया। जीवन ज्योति अस्पताल से पहुंची टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। महिला रोग विशेषज्ञ ने कैंप में आई महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की व उन्हे उचित चिकित्सा परामर्श व निःशुल्क दवाइयां प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को खानपान के प्रति भी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। कैम्प में एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच की गई। स्वास्थ्य जांच कैंप का भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने शुभारंभ किया। कैम्प में पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी का ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया व बुजुर्गों ने हलके की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की आंखों की जांच की व 135 लोगों को चश्मा लगाने योग्य पाया गया। कैम्प में भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने अपने हाथों से सभी 135 लोगों को निःशुल्क चश्में भेंट किए।

नवीन बंटी ने नेत्र जांच कराने वाले लोगों को दवाइयां व चश्मे भेंट करते हुए कहा कि लोगों को गांव या घरों के आसपास लगने वाले इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा कैंप में जाकर स्वास्थ्य की जांच जरूर करानी चाहिए क्योंकि निरोगी काया ही मनुष्य का असली धन है। इस अवसर पर नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनहित व समाजहित के कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहते है।

नवीन बंटी ने कहा कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प भविष्य में भी इसी तरह लगाए जाएंगे ताकि लोगों को उनके घरों के आसपास निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा की सुविधा मिल सके।

# बालौर गाँव के प्रतीक शर्मा बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
बालौर गाँव का बेटा प्रतीक शर्मा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गया है। देहरादून स्थित आई एम ए में हुई पासिंग आउट परेड के बाद घर पहुंचे लेफ्टिनेंट प्रतीक का शहर वासियों ने जोरदार स्वागत किया। माता पिता के साथ दादा दादी और नानी ने भी अपने लाडले को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। प्रतीक भारतीय थल सेना की एविएशन कोर में बतौर लेफ्टिनेंट अपनी सेवाएं देगा। बालौर गांव में भी प्रतीक के लेफ्टिनेंट बनने पर खुशी का माहौल है । प्रतीक के दादा भी भारतीय सेना से हवलदार के पद पर रिटायर हुए थे और पिता ओमप्रकाश मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस में कार्यरत हैं प्रतीक की माता पूजा शिक्षा विभाग में लेक्चरर हैं। दादा और पिता से प्रेरणा लेकर ही प्रतीक ने थल सेना की राह चुनी है । प्रतीक की बुआ की बेटी भाविका भी 2019 में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुई थी। प्रतीक का कहना है कि अगर युवा मन लगाकर मेहनत करें तो उन्हें अवश्य ही सफलता मिलेगी। प्रतीक ने अपनी 10वीं और 12वीं को पढ़ाई शहर के सेंचुरी पब्लिक स्कूल से पूरी की। प्रतीक ने 10वीं में 10 सीजीपीए और 12वीं में 95% अंक हासिल किए थे। प्रतीक ने जेईईई के एग्जाम में भी 99 परसेंटाइल हासिल किए थे। लेकिन इसी बीच उसका चयन एनडीए में हो गया। प्रतीक ने अपने पहले ही प्रयास में एनडीए की परीक्षा में सफलता हासिल की थी। कड़ी मेहनत के बल पर उसने आईएमए देहरादून से ट्रेनिंग पूरी की है। अब प्रतीक भारतीय थल सेना की एवियेशन कोर में बतौर लेफ्टिनेंट अपनी सेवाएं देगा। प्रतीक ने युवाओ को सफलता का मंत्र भी दिया है। उसका कहना है कि युवा अगर मन लगाकर मेहनत करेंगे तो उन्हें अवश्य को सफलता मिलेगी। वहीं प्रतीक के माता पिता को भी अपने बेटे पर गर्व है। पिता ओमप्रकाश बेटे प्रतीक की इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। तो उनकी माता पूजा भी अपने बेटे की उपलब्धि पर भावुक हो उठी। माता का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे प्रतीक को देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उन्हें अपने बेटे पर नाज है।

# गोशाला में की गोपूजन और ईंट भट्टे पर जरूरतमंदों को वितरित किया राशन

**⏩ रावल ने गो पूजन करने के उपरान्त कहा कि हम सभी को गोसेवा करने के लिए आगे आना चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
गांव सनौली खुर्द गौशाला में गोपुजन कार्यक्रम में समाजसेवी पूर्व जिला पार्षद पुनम रावल व उनके बेटे तुषार रावल एडवोकेट, पूर्व सरपंच रीना रावन नन्हेडा ने गायो की पूजा कर चारा खिलाया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद पुनम रावल ने गो पूजन करने के उपरान्त कहा कि हम सभी को गोसेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। आज अनेक बुसहारा गाये सडको व गांव की गलियों में घुम रही है। उनसे हादसो तो बढ रहे है वही गायो की दुर्गति भी होती दिखाई दे रही है। इसलिए हम सभी को गायो की सेवा के लिए अपना सहयोग देना चाहिए। गांवों की सेवा करने से मनुष्य पुण्य का भागी बनता है। इस उपरान्त गोशाला के पास उन्होंने ईंट भट्टों पर जरूरतमंदों को खादय सामग्री व राशन आदि भी वितरित किया।

# अपराधियों को संरक्षण दे रही भाजपा सरकार: देवेंद्र यादव







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**देश** में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती आपराधिक घटनाओं और पहलवान बेटियों के विरुद्ध अत्याचार और अन्याय के खिलाफ जो अभियान कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेन्द्र यादव द्वारा शुरू किया गया था, उसी कड़ी में रविवार को दिल्ली के गांव उस्मानपुर में महाचौपाल आयोजित की गई।

कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने महाचौपाल को लेकर कहा कि आज गांव उस्मानपुर, विधानसभा घोंडा में आयोजित महाचौपाल को क्षेत्र की जनता का समर्थन मिला है। महाचौपाल में भाजपा राज में देशभर में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंताजनक है। आए दिन ऐसी घटनाएं भाजपा राज में महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाती हैं। देश में बेटियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान को रौंदा जा रहा है। बेटियों की इज्जत और स्वाभिमान से खिलवाड़ करने वाले कोई और नहीं बल्कि भाजपा के अपने नेता हैं। ये बेटियों के साथ दुष्कर्म करने वाले और उनका उत्पीड़न करने वाले अपराधियों का संरक्षण करते हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, डॉ. नरेंद्र नाथ, अमरीश गौतम, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, हसन अहमद, भीष्म शर्मा, सुरेंद्र कुमार, सुमेश शौकीन, जय किशन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चतर सिंह, उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, काउंसलर जावेद, खुशनूद सैफी, दिल्ली कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग चेयरमैन वाहिद कुरैशी, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, पूर्व प्रदेश यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विकास छिक्कारा, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश जैन, पार्षद प्रत्याशी प्रताप चौधरी, चौधरी फूल सिंह और कई पूर्व निगम पार्षद एवं प्रत्याशी एवं अनेक खापों और गांवों के प्रधान भी मौजूद रहे। महाचौपाल की अध्यक्षता चौधरी फूल सिंह ने की। इस दौरान अगली महाचौपाल 18 जून को मुंडका विधानसभा में आयोजित करने का भी फैसला हुआ।

## चौपाल का आयोजन

**= महिलाओं के उत्पीड़न मामले पर अपराधियों को संरक्षण देने वाली भाजपा सरकार का बेटी बचाओ का नारा 'भाजपा से बेटी बचाओ' होना चाहिए: देवेंद्र यादव**

## गांव उस्मानपुर में आयोजित हुई महाचौपाल...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती आपराधिक घटनाओं और पहलवान बेटियों के विरुद्ध अत्याचार और अन्याय के खिलाफ जो अभियान कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेन्द्र यादव द्वारा शुरू किया गया था, उसी कड़ी में आज दिल्ली के गांव उस्मानपुर, विधानसभा घोंडा में महाचौपाल आयोजित की गई। पूर्व विधायक देवेंद्र यादव ने महाचौपाल को लेकर कहा कि गांव उस्मानपुर, विधानसभा घोंडा में आयोजित महाचौपाल को क्षेत्र की जनता का समर्थन मिला है। महाचौपाल में भाजपा राज में देशभर में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंताजनक है, आए दिन ऐसी घटनाएं भाजपा राज में महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाती हैं। देश में बेटियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान को रौंदा जा रहा है। बेटियों की इज्जत और स्वाभिमान से खिलवाड़ करने वाले कोई और नहीं बल्कि भाजपा के अपने नेता हैं।

## देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंताजनक: देवेंद्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्व विधायक देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार के बेटी बचाओ अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के वर्ष 2021 के डाटा के अनुसार कुल 4,28,278 केस महिलाओं पर अपराध के दर्ज हुए थे, ये आंकड़े वर्ष 2020 के आंकड़ों से करीब 15.3 प्रतिशत ज्यादा है। महिलाओं पर हमले के करीब 2.44 लाख केस दर्ज हुए थे, यही नहीं 29,254 केस दुष्कर्म और 11,013 केस अपहरण और यौन उत्पीड़न के करीब 90,627 केस दर्ज हुए थे। ये है भाजपा सरकार के बेटी बचाओ अभियान की असलियत। मोदी सरकार का बेटी बचाओ अभियान सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित है, लेकिन धरातल पर इसकी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश की राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए देशभर में सबसे असुरक्षित मेट्रो शहर है। इससे बड़ी शर्मनाक बात क्या होगी कि देश की राजधानी में कुल 13,892 केस महिलाओं के खिलाफ अपराध के दर्ज हुए थे। मोदी सरकार के राज में बेटियों की अस्मत पर हमले जारी हैं। हर रोज देश की महिलाओं और बेटियों के विरुद्ध हो रहे अत्याचार पर मोदी सरकार ने चुप्पी साध रखी है।




महा जनसंपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर, सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विवरणिका भेंट करते जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत, मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, महामंत्री पवन खत्री (मोनी)।

# सभी को परिवार की तरह करनी चाहिए पेड़-पौधे की रक्षा: इन्दर सिंह नम्बरदार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम उचित स्थान देखकर पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिससे की अधिक से अधिक पेड़-पौधे क्षेत्र में लगाये जा सके। उक्त बातें समाजसेवी इन्दर सिंह नम्बरदार (बादली) ने कही। श्री नम्बरदार ने आगे कहा कि अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे को नियमित रूप से पानी दे और दूसरें को भी प्रेरित करें कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाये। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें। इन्दर सिंह नम्बरदार ने कहा कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें छाया देते है, वहीं इनमें हमें फल, फूल व इनसे प्राप्त पत्ता व जड़ों व टहनियों से दवाईयां भी मिलती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए कहें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की देखरेख भी करें। उन्होंने आगे बताया कि आज हम बड़ी-बड़ी इमारते बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है जो गलत है। हम सभी संकल्प लें कि हम अपने आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगायेगें जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरियालीमय नजर आये।

# मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए ने की बैठक, निगम पार्षद व डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया/टीम एक्शन इंडिया दिल्ली** के मजलिस पार्क इलाके के बारात घर में मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में एमसीडी में नेता सदन व स्थानीय निगम पार्षद मुकेश गोयल और सिविल लाईन जोन के डीसी मिस्टर भारद्वाज ने लोगों की समस्याएं सुनीं और लोगों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा।

इस मीटिंग में आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क के पदाधिकारियों और कॉलोनी के निवासियों ने हिस्सा लिया और डीसी और निगम पार्षद को कालोनी की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष दीक्षित व अन्य पदाधिकारियों ने निगम पार्षद मुकेश गोयल और डीसी मिस्टर भारद्वाज का स्वागत किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष दीक्षित, महासचिव सुशील बंसल और कोषाध्यक्ष नीरज कपूर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**ये रही मुख्य समस्याएं जिनसे पार्षद और डीसी को अवगत कराया गया:** कॉलोनी की सड़के काफी खराब हालत में है, उन्हे बनाया जाए तथा गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। गली न. 1 से 13 तक नालियों की सफाई कराई जाए। कालोनी में कुत्तो की समस्या का हल करना चाहिए। गली नंबर 9 से लेकर 13 तक बरसात में पानी भरने की गंभीर समस्या है। इस समस्या का हल बरसात आने से पहले करने के लिए कहा गया। गली न. 6 और 7 के बीच के पार्क में जिम बनाया जाए तथा इसका रख-रखाव अच्छा किया जाए।

**डीसी और पार्षद ने आश्वासन दिया कि जल्द होगा समस्याओं का समाधान:** बैठक के दौरान कई लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं निगम पार्षद और डीसी के समक्ष रखी। पार्षद व डीसी ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्या का हल करवाने का उचित आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय कवि संगम ने किया मासिक काव्य संध्या का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** कवि संगम दिल्ली प्रदेश द्वारा मासिक काव्य संध्या का आयोजन वासुदेवम स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने की। दीप प्रज्वलन राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व प्रचारक हरियाणा प्रान्त जगदीश मित्तल ने किया। निर्णायक के रूप में दिल्ली पुलिस के राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित मनीष मधुकर रहे। भारत सरकार के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी रहे। जिनका नाम व पद सुरक्षा की दृष्टि से नहीं बताया जा सकता। राष्ट्रीय मंत्री रोशन कंसल भी उपस्थित रहे। वहीं दिल्ली व आसपास के लगभग 50 से अधिक युवा व वरिष्ठ कवियों ने काव्य पाठ किया। भुवनेश सिंघल के अध्यक्षीय नेतृत्व में जारी गोष्ठी में जिस प्रकार से कवि भागीदारी कर रहे हैं वह निश्चित ही इस ओर इंगित करता है कि काव्य मंचों के इस दौर में काव्य गोष्ठियां आज भी कितनी अधिक आवश्यक हैं। सिंघल ने कहा कि हम आये हुए कवियों की कविताओं का मूल्यांकन नहीं करते अपितु उनकी रेखांकित करते है। अच्छे कवियों को आगे मंच देने का प्रयास भी हम लगातार करते रहते हैं। इस बार के दोनों विजेता अंकित विशाल व तन्हा को नकद पुरस्कार, अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर जगदीश मित्तल, रोशन कंसल, टी आर मित्तल व भुवनेश सिंघल ने सम्मानित किया।



आर्य समाज नरेला के पूर्व प्रधान स्व: चौधरी लायक राम की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते आर्य समाज नरेला के प्रधान हेमराज बंसल।

# अनिल विज के आवास पर लगा फरियादियों का तांता

## प्रदेशभर से हजारों लोग फरियाद लेकर पहुंचे

**8 विज ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए**





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** तापमान 41 डिग्री पार होने के बावजूद भी गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर फरियादियों का तांता लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों फरियादी गृह मंत्री अनिल विज से न्याय की आस लेकर उनके आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में उमड़े फरियादियों को संभालने के लिए पुलिस को बैरीगेट्स एवं अतिरिक्त पुलिस बल लगाना पड़ा।
विज ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। पत्रकारों द्वारा उनके आवास पर बढ़ती भीड़ संबंधी पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि लोग जितने भी आए उन्हें एतराज नहीं वह सबकी बात सुनते हैं, मगर दिक्कत यह है कि उनके आवास पर इतने लोगों को खड़ा करने के लिए जगह नहीं है। उन्होंने कहा बढ़ते तापमान के बावजूद भी लोग उनके आवास पर लाइन लगाकर खड़े हैं और वह सभी की समस्याएं सुनते हैं। जनता दरबार पुनः शुरू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता दरबार बंद कर दिया था, मगर अब रोजाना उनके घर में लोगों की भीड़ बढ़ रही है। जनता दरबार पुनः शुरू करने के लिए विचार करेंगे, मगर अभी ऐसा कोई इरादा नहीं है।

**फौजी की बहन की गोली मारकर हत्या मामले में एसपी सोनीपत को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए:** सोनीपत से आए सैन्य जवान ने अपनी शिकायत देते हुए गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसकी बहन के साथ दुराचार किया गया व बाद में उसकी हत्या कर दी गई। उसका आरोप था कि मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी सोनीपत को मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि ह्लफौजी को बार्डर से आना पड़ता है, उनका काम प्राथमिकता पर होना चाहिएह्व। इसी तरह सोनीपत से ही आई एक महिला पत्रकार ने कुछ लोगों पर उससे मारपीट एवं छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए। इस मामले में एसपी सोनीपत को केस की पुनः जांच के निर्देश गृह मंत्री अनिल विज ने दिए।

गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष प्रदेश के कई जिलों से कबूतरबाजी के मामले सामने आए जिनपर कार्रवाई के लिए मंत्री विज ने इन मामलों की जांच के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

करनाल से आए व्यक्ति ने उसके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 22 लाख की धोखाधड़ी करने, कुरुक्षेत्र से आए व्यक्ति ने उसके बेटे को ब्रिटेन भेजने के नाम पर 10 लाख ठगी करने, कैथल से आए व्यक्ति ने उसे कनाडा भेजने के नाम पर तीन लाख की ठगी करने आरोप लगाए जिनपर मंत्री विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

**यह अन्य मामले सामने आए:** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष जींद निवासी व्यक्ति ने पोते ही मौत के मामले में पुनः जांच करने, सढ़ौरा निवासी व्यक्ति ने खेतों में पानी खड़ा होने व बेहतर निकासी कराने, जींद निवासी युवती के परिवार ने दुराचार मामले में उसके 164 के बयान नहीं होने, रोहतक निवासी परिवार ने झूठा केस दर्ज होने के मामले में जांच कराने, भिवानी निवासी व्यक्ति ने चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने, हिसार निवासी महिला डॉक्टर ने उसके पति द्वारा उसपर झूठा केस दर्ज करने, कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने कुरुक्षेत्र में दर्ज इमीग्रेशन एक्ट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने की शिकायत दी। इसके अलावा अन्य शिकायत आई जिनपर मंत्री विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

## सात लाख लूट के मामले में शिकायतकर्ता स्वयं ही निकला मास्टरमाइंड

**झज्जर।** दो दिन पहले गांव खरहर में हुई 7 लाख की लूट की वारदात में शिकायत देने वाला खुद ही मास्टरमाइंड निकला। पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है। उसके पास से राशि, मोबाइल व मोटरसाइकिल भी बरामद हो गई है। आसौदा थाना पुलिस ने रविवार को आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने कर्ज चुकाने के लिए रुपये छिपाकर वारदात की प्लानिंग की। दरअसल, खरहर गांव का निवासी प्रवेश गांव आसौदा सोनिका कंपनी (केमिकल) में बतौर ड्राइवर के तौर पर कार्यरत था। 9 जून की सुबह वह 7 लाख रुपये लेकर घर के लिए निकला। ये रुपये कंपनी के खाते में जमा कराने थे। गांव खरहर में पहुंचने के बाद उसने पुलिस को सूचना दी कि अज्ञात पांच बदमाश पिस्तौल के बल पर उससे 7 लाख रुपये, बाइक, मोबाइल आदि लूटकर रोहद की तरफ भाग गए।

## रोटरी क्लब ने इद्रीश फाउंडेशन के प्रोजेक्ट इवनिंग क्लास एरिया-1 का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** इद्रीश फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही टांगरी एरिया में जरूरतमंद बच्चों के लिए इवनिंग क्लास को एक बार फिर रोटरी क्लब अंबाला ने सहयोग किया है। रोटरी क्लब अंबाला की ओर से क्लास का किराया और एक टीचर का वेतन देने का ऐलान किया है। वहीं पिछले साल भी रोटरी क्लब के सहयोग से ही इद्रीश फाउंडेशन के बच्चों ने इवनिंग क्लास के तहत बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। बच्चों के परीक्षा परिणाम और फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए रोटरी क्लब अंबाला की ओर से शनिवार को टांगरी एरिया स्थित इवनिंग क्लास का दौरा किया। इस दौरान रोटरी क्लब के गवर्नर वेद प्रकाश कालता पूर्व अंबाला प्रधान नरेश ढींगरा व वर्तमान प्रधान अनिल वर्मा वा साथ ही विनय कुमार मल्होत्रा जी मौजूद रहे। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का ब्यौरा दिया। साथ ही 100 से अधिक जरूरतमंद बच्चों में जूते वितरित किए। उन्होंने इवनिंग क्लास में गर्मी वा बच्चो की परेशानी को देखते हुए कूलर व एग्जॉस्ट फैन देने की घोषणा की। इस दौरान सभी बच्चो सहित रोटरी क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे, कार्यक्रम में अहम भूमिका विनय मल्होत्रा ने निभाई। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य अंजलि जैन, आंचल जैन, नैंसी, नीलिमा, अंकित रोहिल्ला, अभिषेक पाठक, वंदना, नेहा, उदिता, मुस्कान व अन्य मौजूद रहे।

## संदीप गर्ग ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य व आंखो का जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा-मुस्तफाबाद रोड़ पर स्थित संत श्री गुरु रविदास आश्रम में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य व आंखो का जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में मरीजों ने अपने स्वास्थ्य व आंखों की जांच करवाई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार न हो और सभी स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से समय-समय पर लाडवा हल्के के गांवों में इस प्रकार के मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर व आंखों की जांच के कैंप लगते आ रहे हैं और आगे भी



निरंतर लगते रहेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को संत श्री गुरु रविदास आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य व आंखो का जांच शिविर लगाया गया। जिसमें आदेश अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा 513 लोगों के स्वास्थ्य व आंखो की जांच की गई। जिनमें 140 लोगों को निःशुल्क चश्में व दवाईयां वितरीत की गई। वहीं 19 लोगों के आंखों का ऑपरेशन भी निशुल्क करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन लाडवा हल्के में होता रहेगा।

## एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा युवक घायल, पीजीआई रेफर

**गन्नौर** । अंबाला दिल्ली रेल मार्ग पर रविवार की सुबह करनाल से दिल्ली जा रहा युवक एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह रेलवे का ग्रुप डी कर्मचारी ट्रैक मैन अपनी ड्यूटी पर आया तो घायल अवस्था में उसे ट्रक के साथ पड़ा देख जीआरपी को सूचना दी । सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया । जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया । जीआरपी ने करनाल निवासी उसके जीजा को उसके घायल होने की सूचना दी । घायल युवक का जीजा सोनू मौके पर करनाल से पहुंचा और उसे उपचार के लिए करनाल के अस्पताल में ले गया जहां उसका इलाज चल रहा है ।

## 'छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाना पुण्यात्मक कार्य'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
गांव झांसा में कई जगह पर आज मीठे ठण्ढे पानी की छबील लगाकर राहगीरों व गांववासियों की प्यास बुझाई। ठंडे पानी की छबील का सारा प्रबंध गांव झांसा के नवयुवकों द्वारा किया गया। राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाने उपरांत विनोद पाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। नेक काम में सहयोग करना चाहिए और अपने स्तर पर भी गर्मी के मौसम में लोगों की प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह ठंडे पानी की छबील लगाने का प्रयास करना चाहिए।

## जी-20 पर जिला जनभागीदारी स्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के सनातन धर्म कॉलेज के सभागार मे जी-20 पर जिला जनभागीदारी स्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यापकों, छात्रों, अभिभावकों ने भाग लिया । भारत की अध्यक्षता में जी-20 कार्यक्रमों के बारे में लोगों में रूचि और जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य के सभी 22 जिलों में एन ई पी 2020, एन सीएफ, निपुण हरियाणा तथा एफएलएन जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है ' इन सभी आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पुणे में होने वाली जी-20 की एजुकेशन मीट के प्रति बच्चों, शिक्षकों और युवाओं सहित आम लोगों में



रूचि. जागरूकता और भागीदारी पैदा करना है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि इस वर्ष जी - 20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है यह देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। इसलिए जिला मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा भी इस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ता जी-20, निपुण हरियाणा मिशन, एफ एल एन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020, और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क बारे अपने व्याख्यान दिए ' वर्ष 2022-23 के दौरान जिन प्राथमिक अध्यापकों द्वारा बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए जिस अध्यापन सामग्री का निर्माण किया गया उसकी प्रदर्शनी भी लगाई गई ' उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में खण्ड तथा जिला स्तरीय पहाड़े प्रतियोगिताओं के छात्र और शिक्षक विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया उन्होंने बताया कि जी-20 की बैठक में 20 देशों के समूह आपसी चर्चा करते हैं कि किस प्रकार देशों में और अधिक समृद्धि लाई जा सके शिक्षा को किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है स्वास्थ्य सेवाओं को किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जी-20 के अध्यक्षता भारत कर रहा है ऐसे में भारत के उच्च विचारों को प्रत्येक देश काफी गंभीरता के साथ सुनता है।

## वंदना शर्मा बनी भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारतीय** जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता, वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अम्बाला नगरनिगम से भाजपा प्रत्याशी रही डॉ वंदना शर्मा जी को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने भाजपा महिला मोर्चा की टीम में प्रदेश कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ वंदना शर्मा जी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपें जाने पर न केवल अम्बाला बल्कि पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल आदि जिलों के भाजपा पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी` भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त करने के साथ साथ डॉ वंदना शर्मा को कुरुक्षेत्र भाजपा महिला मोर्चा का जिला प्रभारी भी नियुक्त किया गया है` वंदना शर्मा ने पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल जी, भाजपा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष माननीय ओमप्रकाश धनखड़ जी, प्रदेश संगठन महामंत्री रविन्द्र राजु जी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुनीता दांगी जी का आभार व्यक्त करते हुए कि पार्टी हाईकमान ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है,वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेगी और प्रदेश का प्रवास करके अधिक से अधिक महिलाओं से सम्पर्क साधकर पार्टी से जोड़ने का काम करेगी` उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो वर्गों को सम्मान देती है और विशेष कर महिला वर्ग के उत्थान के लिए काम करते उन्हें राजनीति क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है` उन्होंने पार्टी द्वारा अन्य नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को भी बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की` भाजपा की वरिष्ठ नेता एडवोकेट नम्रता गोंड, अम्बाला भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गुरप्रीत कौर, प्रकाश कौर,शशि अग्रवाल, मनप्रीत कौर,शमा विज,जयोति बख्शी, पुष्पा गुप्ता,वीनु अग्रवाल, कमलेश अत्री, सोनिया मैहरा ,अलका माकिन, पुजा वर्मा, आदि महिला पदाधिकारियों ने वंदना शर्मा की नियुक्ति पर खुशी जताई और प्रदेश पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।

## कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से किया मन्त्रमुग्ध

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पुलिस विभाग द्वारा रविवार को राहगिरी में हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबकों थिरकने पर मजबूर कर दिया। हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने हरियाणवी गीतों पर एक से बढकर एक प्रस्तुति दी जिनके साथ दर्शक भी झूमते नजर आयें । हरियाणा कला परिषद की टीम ने नाटक के माध्यम से पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया। कलाकारों ने नाटक में दिखाया कि किस प्रकार हम अपने स्वार्थ के



लिए अंधाधुंध पेड़ों की कटाई करके पर्यावरण को दूषित करने में लगे हुए हैं जिसका खामयाजा हमें खुद ही भुगतना पड़ रहा है। जल, जमीन और जंगल को बचाना हम सबका दायित्व है कयोंकि इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। सन्डे राहगिरी कार्यक्रम में मंच का संचालन पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल व हरिकेश पपोसा ने किया।

राहगिरी के मंच से नरेश कुमार सागवाल ने हरिकेश पपोसा के साथ मिलकर हंसी के ऐसे फव्वारें छोडे की हर किसी को हंसने पर मजबूर कर दिया। राहगिरी में डीएसपी लाडवा तरुण सैनी, थाना यातायात प्रभारी उप निरीक्षक नागेन्द्र सिंह, खेल विभाग के कोच सहित काफी संख्या में अध्यापकगण, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, पुलिस कर्मचारी गणमान्य व्यक्ति, बच्चें व महिलाएं मौजूद रहे।

## पेड़ का तना टूट कर अगवानपुर रोड़ पर मोटरसाइकिल पर गिरा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अगवानपुर रोड़ पर शनिवार की दोपहर आई तेज आंधी के चलते पेड़ का तना टूट कर वहां से गुजर रही एक मोटरसाइकिल पर गिर गया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग व उसकी पुत्रवधु घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने गन्नौर के सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार अगवानपुर के रहने वाले राम भरोसे शनिवार की शाम को अपनी पुत्रवधु संजना को मोटरसाइकिल पर अस्पताल ले जा रहे थे। जब वह अगवानपुर रोड पर नहर के पास पहुंचे तो तेज आंधे आने की वजह से सड़क किनारे खड़े एक पेड़ का तना टूट कर रामभरोसे की मोटरसाइकिल पर गिर गया। जिससे रामभरोसे व उनकी पुत्रवधु गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखाई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा

### एडवोकेट संजय अंतिल द्वारा एकेडमी के बच्चों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 51000 की प्रोत्साहन राशि दी

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
स्पोर्ट्स अकैडमी गांव औरंगाबाद के द्वारा ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता हुई । प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित आंतिल व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल समाजसेवी के द्वारा उक्त प्रतियोगिता को आरंभ किया गया । पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित आंतिल ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया । कांग्रेसी नेता व एडवोकेट संजय अंतिल द्वारा एकेडमी के बच्चों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 51000 की प्रोत्साहन राशि दी गई । एडवोकेट संजय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को तराशने के लिए अकैडमी बहुत ही अच्छा सराहनीय काम कर रही है । प्रतियोगिता में



विभिन्न स्पर्धा करवाई गई। जिसमें 10 साल के बच्चों के लिए 100 मीटर व 15 साल के बच्चों के लिए 200 मीटर और चम्मच में नींबू लेकर महिलाओं की दौड़ 100 मी व महिलाओं की मटका दौड़ 100 मी व महिलाओं की ओपन दौड़ आयोजित की गई । नींबू दौड़ में सीमा को प्रथम व मीनू को द्वितीय पुरस्कार दिया गया व 200 मी अंडर 20 महिला रेस में करीना को प्रथम व शिवानी को द्वितीय स्थान दिए गया । अंडर 10 लड़कियों की रेस में अन्य प्रथम व चितरक्षी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया । महिला ओपन रेस में मंजू को प्रथम व बेबी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया । मटका रेस में ओमलता को प्रथम पुरस्कार व गमसी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। 5 साल 7 साल के बच्चों को प्रथम पुरस्कार गर्व व द्वितीय पुरस्कार सम्राट व समर्थ को दिया गया । स्पोर्ट्स अकैडमी के सीईओ एडवोकेट रोबिन, प्रधान एडवोकेट अमित बाल्यान, उपप्रधान मैनपाल , सह सचिव आशीष भारद्वाज, कोषाध्यक्ष पारुल, व कानूनी सलाहकार एडवोकेट आशीष वत्स ने मुख्य अतिथियों का अकैडमी में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

## शस्त्र लाइसेंस के लिए अब सरल केंद्र के माध्यम से होगा आवेदन: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक कार्यक्षमता में सुधार व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं को ऑनलाइन किया हुआ है। सरकार की इस पहल से लाइसेंस के लिए सरल केंद्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को केवल 2100 रुपए खर्च करने होंगे जिनमें से 1500 रुपए प्रशिक्षण, 500 रुपए आवेदन और 100 रुपए अटल सेवा केंद्र के माध्यम से अप्लाई करने में लगेंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि शस्त्र लाइसेंस के लिए प्रशिक्षण पहले होमगार्ड के माध्यम से दिया



जाता था लेकिन अब यह प्रशिक्षण राज्य के 6 जिलों में स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केंद्र प्रदेश के जिले गुरुग्राम (भोंडसी), पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रोहतक (सुनारिया), पुलिस लाइन पंचकूला (मोगीनंद), हरियाणा पुलिस अकादमी करनाल (मधुबन), पुलिस लाइन हिसार तथा पुलिस लाइन नारनौल में प्रदान किया जा रहा है। शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है, जिनमें नए शस्त्र लाइसेंस जारी करना, शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र का बिक्री/ हस्तांतरण/ उपहार, बाहरी लाइसेंस का पंजीकरण, शस्त्र का अधिग्रहण, शस्त्र अधिकार क्षेत्र के भीतर पते का परिवर्तन, शस्त्र की खरीद अवधि का विस्तार, शस्त्र लाइसेंस में शस्त्र का अनुमोदन, शस्त्र लाइसेंस से शस्त्र हटाना, एक प्रकार के शस्त्र का परिवर्तन, डुप्लीकेट शस्त्र लाइसेंस जारी करना, गोला बारूद की मात्रा में परिवर्तन, क्षेत्र की वैधता का विस्तार तथा शस्त्र लाइसेंस का निलंबन/रद्द/ निरस्तीकरण आदि शामिल हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 12 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### झारखंड के सभी स्कूल 14 तक बंद

**रांची।** झारखंड के सभी स्कूल भीषण गर्मी के कारण 12 जून से बंद रहेंगे। अधिक गर्मी और लू को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने रविवार को जारी कर दिया। जारी आदेश में सचिव ने कहा है कि राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय 12 जून से बंद रहेंगे। फिलहाल, स्कूल 14 जून तक के लिए बंद किए गये हैं। सचिव ने कहा है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा। यह आदेश 12 जून से 14 जून तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को पत्र लिख कर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग की थी।

### अवैध लंगर लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**हरिद्वार।** हर की पैड़ी क्षेत्र में अवैध लंगर लगाकर भिखारियों की भीड़ जमा कर यात्रियों का मार्ग अवरुद्ध करने और लंगरों के खाने को कूड़े में फेंक कर खाने की बबार्दी करने तथा घाट में गंदगी फैलाने के कारण 05 अवैध लंगर संचालकों के पुलिस अधिनियम में 10 - 10 हजार रुपये के न्यायालय के चालान किए। साथ ही भविष्य में ऐसी पुनरावृति करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध लंगर संचालकों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

### सीबीआई को मिले 36 नए अधिकारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) ट्रेनी के 25वें और 26वें बैच का अलंकरण समारोह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सीबीआई अकादमी में आयोजित किया गया। यहां 36 अधिकारी बल में शामिल हुए। इन दो बैचों के 36 अधिकारियों में 20 बी-टेक, 2 एम-टेक और 14 अन्य पोस्टग्रेजुएट्स और साइंस और आर्ट्स ग्रेजुएट्स शामिल हैं। ये ऑफिसर ट्रेनी देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद समारोह के मुख्य अतिथि रहे। सूद ने सभी पासिंग आउट कैडेटों को बधाई दी और उन लोगों को भी बधाई दी, जिन्होंने नए जमाने के जांच उपकरणों के क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में ट्रॉफी जीती।

# भाजपा ने मंदिरों पर फोकस बढ़ाया

## सर्वे में खुलासा- जिन मोहल्लों में मंदिर, वहां भाजपा आगे; दक्षिण में इसका उलट

**हिंदुत्व**

**देश के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 485 मंदिर हैं। एक लोकसभा क्षेत्र में औसतन 3,683 मंदिर पड़ते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की** सियासत में मंदिरों की कितनी भूमिका है, इसे समझने के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक सर्वे कराया है। साथ ही पिछले दो लोकसभा चुनावों के वोटिंग ट्रेंड का बारीकी से अध्ययन किया है। इसमें सामने आया है कि जिन इलाकों में कोई मंदिर है, वहां आसपास के बूथों पर भाजपा बेहतर प्रदर्शन करती है। लेकिन, यह ट्रेंड कर्नाटक को छोड़कर दक्षिण भारत में नहीं है। इसी समस्या का हल तलाशने के लिए भाजपा मंदिरों के आसपास के वोटरों की सिलसिलेवार मैपिंग करा रही है। मकसद साफ है कि जैसा फायदा भाजपा को उत्तर, मध्य, पश्चिम और पूर्वोत्तर राज्यों में मंदिरों की वजह से मिलता है, ठीक वैसा ही दक्षिण के राज्यों में भी मिले। इसलिए पार्टी ने मिशन 2024 के लिए दक्षिण के मंदिरों को केंद्र में रखकर ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। दक्षिण में भाजपा की रणनीति हर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले प्रमुख मंदिरों के इर्दगिर्द बुनी जा रही है।

**ऐसा इसलिए... क्योंकि देश के हर विधानसभा क्षेत्र में 485 मंदिर हैं:** मंदिरों के आसपास की आबादी की मैपिंग का काम देख रही कोर टीम के एक पदाधिकारी के अनुसार, देश के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 485 मंदिर हैं। एक लोकसभा क्षेत्र में औसतन 3,683 मंदिर पड़ते हैं। थोड़ा और बारीकी से देखें तो हर गांव में औसतन 3.5 मंदिर हैं।

### भाजपा से जुड़े संगठनों ने 1 लाख हनुमान मंदिर बनाए या जीर्णोद्धार किया

**दक्षिण** के हर राज्य में हर साल 3 बड़े धार्मिक आयोजनों के तहत लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिशें जारी हैं। भाजपा से जुड़े कुछ धार्मिक संगठनों ने पिछले कुछ समय से मंदिरों के निर्माण पर तेजी से काम शुरू किया है। एक सूत्र के अनुसार, अलग-अलग संगठनों ने दक्षिण में 1.03 लाख हनुमान मंदिरों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया है। कोंकण बेल्ट और आसपास के इलाकों में कुल 78 हजार ग्रामदेव/देवी के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया गया है। 26 हजार मुरुगन मंदिरों की देखरेख का जिम्मा संभाल रखा है।

उन्होंने बताया कि हमने सर्वे में पाया है कि हर गांव में औसतन 1.27 पोलिंग बूथ ऐसे हैं, जिनके आसपास की आबादी के बीच में मंदिर है। ये वही बूथ हैं, जहां भाजपा को उम्मीद से बढ़कर समर्थन मिला है। हालांकि, दक्षिण भारत के राज्यों में ऐसा नहीं है। पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी ने माना कि बड़े मार्जिन से जीत के लिए यह फैक्टर बेहद अहम है। संभवतः इसीलिए हमारे प्रतिद्वंद्वी भी अब मंदिर और हिंदुत्व की राजनीति करने लगे हैं।

**मंदिर क्षेत्र वाले पोलिंग बूथों पर भाजपा को 2019 में 61% वोट:** भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों का एनालिसिस करने के लिए अलग-अलग समूह गठित किए थे। इन समूहों की रिपोर्ट्स के आधार पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा- ह्यहमने पाया कि मंदिरों के आसपास के इलाकों के बूथों पर हमें 2014 में 58% और 2019 में 61% वोट मिले।

# हिसार में पत्नी-2 सालों की गोली मार कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हिसार के कृ**ष्णा नगर में रविवार को ट्रिपल मर्डर हो गया। व्यक्ति ने घर में आपसी कहासुनी के कारण अपने दो सालों और पत्नी को लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर व छाती पर गोलियां मारीं। मृतकों की पहचान गांव धनाना निवासी मनजीत सिंह, मुकेश कुमार और सुमन के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान राकेश पंडित के रूप में हुई। वह प्रॉपर्टी डीलर का थोड़ा बहुत काम करता है। पत्नी और दोनों सालों की हत्या करने के बाद आरोपी राकेश पड़ोसियों की दो स्कूटियों पर भाग गया। एक स्कूटी उसके दोनों बच्चे चलाकर लेकर गए। जबकि दूसरी स्कूटी राकेश खुद लेकर गया। राकेश की बेटी का कोई अता पता नहीं है। उसके पास अपना खुद का कोई व्हीकल नहीं था। एमसी का चुनाव लड़ने के बाद उसने अपना बुलेट भी बेच दिया था। इसके बाद वह कहीं पर भी पैदल ही जाता या फिर पड़ोसियों का



व्हीकल इस्तेमाल करता था। परिवार में उसका पिता और मां हैं। इस वारदात की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर पुलिस को कुल 10 कारतूस मिले थे, जिसमें से 7 खोल हैं। एसपी गंगाराम पूनिया भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी गंगाराम पूनिया ने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिवारिक विवाद में हत्या हुई है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल से साक्ष्य जुटा रही है।

**मायके जाने को लेकर झगड़ा:** जानकारी के मुताबिक स्कूल में छुट्टियां होने के कारण पत्नी सुमन ने अपने मायके जाने की बात कह रही थी।

# हिंदुत्व, मंदिर भगवान बीजेपी की पर्सनल प्रॉपर्टी नहीं: डीके



**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
**कर्नाटक** के उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार रविवार तड़के उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। वे महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। डीके भगवान महाकाल और काल भैरव के भक्त हैं। उन्होंने बताया, 'जब खराब समय चल रहा था, तब भी मैं महाकाल के दर्शन के लिए तीन बार उज्जैन आ चुका हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व, मंदिर और भगवान भारतीय जनता पार्टी की पर्सनल प्रॉपर्टी नहीं हैं। डीके शिवकुमार दो दिन के मध्यप्रदेश दौरे पर हैं। वे शनिवार रात 8 बजे ही उज्जैन आ गए थे। रात में ही महाकाल मंदिर और काल भैरव मंदिर के दर्शन करने गए। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद तड़के होने वाली महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया। महाकाल के नाम का जाप किया। उनके साथ विधायक महेश परमार, जीतू पटवारी, शोभा ओझा और कांग्रेस के अन्य नेता व पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**तंज कसा**

**महाकालेश्वर ने हमें कर्नाटक में सरकार के रूप में लोगों की सेवा का अवसर दिया है: डीके**

**भारत की समृद्धि के लिए प्रार्थना की:** महाकाल दर्शन और पूजन के बाद डीके शिवकुमार ने मीडिया से चर्चा में कहा, 'इस बार कांग्रेस की सरकार का आशीर्वाद हमें कर्नाटक में मिला है। महाकालेश्वर ने हमें कर्नाटक में सरकार के रूप में लोगों की सेवा का अवसर दिया है। मैं यहां चुनाव से पहले भी आया था। भगवान से प्रार्थना करने आया हूं कि मुझे और कर्नाटक सहित भारत को समृद्धि देना। सभी खुशी से रहें। आज से हम कर्नाटक में महिलाओं के लिए बसों का किराया फ्री कर रहे हैं।'

# राज्य सरकार जनता की ट्रस्टी: सीएम गहलोत

## जनता द्वारा जमा किए टैक्स से ही योजनाओं की सफल क्रियान्विति संभव हो रही है

**चित्तौड़गढ़/जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत** ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार जनता के ट्रस्टी के रूप में अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा जमा किए टैक्स से ही योजनाओं की सफल क्रियान्विति संभव हो रही है।

गहलोत रविवार को चित्तौड़गढ़ की बड़ी सादड़ी के गांव चैनपुरिया में 107.82 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के



लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित आधारभूत ढांचे के विकास कार्यों में मॉडल स्टेट बन गया है। सरकार सभी वर्गों को लाभान्वित कर उनके सपनों को साकार करने में जुटी है।

**हर वर्ष बढ़ेगी 15 प्रतिशत पेंशन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। लगभग एक करोड़ बुजुर्ग, विधवा, एकलनारी और दिव्यांगों को न्यूनतम 1000 रुपये पेंशन से सम्बल दे रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन राशि में हर वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी जिससे उन्हें सहारा मिलेगा। केंद्र सरकार को भी पूरे देश में एक समान राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तभी विश्वगुरू बनने का सपना पूरा कर सकेगा, जब प्रत्येक जरूरतमंद को सम्मानपूर्वक रोटी, कपड़ा और मकान मिलेगा।

### भारत ने कनाडा में कुछ भारतीय छात्रों को मिली राहत का किया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कनाडा से भारतीय छात्रों को वापिस भेजे जाने के कुछ मामलों में रोक लगाए जाने के फैसला का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत की ओर से लगातार किया जा रहा प्रयास इसमें मददगार साबित हुआ है। इसी चलते कनाडाई प्रशासन मामले के मानवीय पहलू को देख रहा है और छात्रों के दृष्टिकोण को भी सामहित कर रहा है। उल्लेखनीय है कि 2017-19 के दौरान कनाडा पहुंचे भारतीय छात्र वापिस भेजे जा सकते हैं।

### महंगाई विपक्ष का मुद्दा है: सांसद अजय टम्टा

**टीम एक्शन इंडिया/बहराइच**
मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को गिनाने के लिए जनपद बहराइच पहुंचे उत्तराखंड के सांसद अजय टम्टा ने विपक्ष पर जोरदार हमला किया। महंगाई के मामले में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि महंगाई केवल विपक्ष का मुद्दा है जबकि देश में कोई महंगाई नहीं है। अगर महंगाई होती तो हम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज नहीं दे पाते। गरीब कल्याण सेवा सुशासन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गुल्ला वीर मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनसभा में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा एवं विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री संजय निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्याम कारण टेकरीवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह एवं जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि आज नौ वर्ष में भारत शक्तिशाली भारत, समृद्ध भारत, गरीबों की सेवा में सतत खड़ा रहने वाला भारत बना है। आज भारत के कृषकों का सम्मान, व्यापारियों का सम्मान व माताओं का सम्मान बढ़ा है।

# सिद्धू मूसेवाला के बर्थडे पर मां हुई भावुक

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाबी सिं**गर सिद्धू मूसेवाला का 11 जून को जन्मदिन था। वहीं उनकी मौत को भी एक साल व दो सप्ताह हो गए हैं। काफी लोग गांव मूसा पहुंच सिद्धू को याद किया, लेकिन उनकी मां का दर्द सिर्फ आंसू व शब्दों से ही बयान हुआ। जन्मदिन पर चरण कौर ने अपने बेटे सिद्धू के लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। चरण कौर ने लिखा कि- जन्मदिन मुबारक बेटा। आज के दिन मेरी मुरादें व दुआएं पूरी हुई थी। जब मैंने तुम्हे पहली बाद अपनी बुकल (बाहों) की गर्माहट में महसूस किया था। मुझे पता लगा था कि मुझे अकाल पुरख ने बेटे की दात बख्शी है। शुभ आपको पता है, आपके छोटे-टोटे पैरों के ऊपर हल्की हल्की लाली थी। जिनकों यह नहीं पता था कि इन नन्हें कदमों ने गांव में बैठे ही पूरी दुनिया का सफर कर लेना है। मोटी मोटी आंखें थी, जो अंदर से सच को देखते ही पहचानने का हुनर लेकर आई थी।




**परिंदों का बसेरा**

### केंद्र ने आवंटित किया साढ़े चार सौ करोड़ का बजट : शेखावत

# 'जोधपुर एम्स में बनेगा सबसे बड़ा ट्रॉमा सेंटर'

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**
**केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत** ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन करने का काम किया है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लाकर लोगों को स्वास्थ्य का सुरक्षा चक्र मुहैया करवाया है। उन्होंने याद दिलाया कि जोधपुर में एम्स की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की देन है। शेखावत रविवार को केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल के तहत जोधपुर एम्स में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का विचार था कि देश में दिल्ली से बाहर भी एम्स होना चाहिए। उस विचार के क्रियान्वयन के लिए ही देशभर में एम्स खोले गए। उन्होंने जोधपुर में एम्स स्थापना से जुड़ा अपना




### शीघ्र बनेगा ट्रॉमा सेंटर, मोदी करेंगे उद्घाटन

**शेखावत** ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से अब सबसे बड़ा ट्रोमा सेंटर भी जोधपुर में ही बनेगा। इसके लिए केन्द्र सरकार से साढ़े चार सौ करोड़ रुपए का बजट आवंटित हो गया है। उसका शिलान्यास भी शीघ्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होगा। चिकित्सा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हो गया है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का काम किया जा रहा है। कुछ जिलों में इसका काम पूरा हो गया, या चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब गांवों में पीएचसी को वेलनैस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि माताओं-बहनों को गर्भ के समय सही सुविधा मिले। सब की सुविधा भारत सरकार राज्य सरकार को देती हे।

**सपना**

**राजस्थान का पहला एम्स जोधपुर को ही मिलेगा। आज हमारा सपना साकार हुआ: केंद्रीय मंत्री**

संस्मरण सुनाते हुए बताया कि हम किसी काम से वाजपेयी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहीं सुषमा स्वराज से मिलने गए थे। हमने उन्हें एक पर्ची पर लिखकर दी, क्या जोधपुर को भी एम्स मिलेगा?

उन्होंने उसी पर्ची पर लिखकर दिया, राजस्थान का पहला एम्स जोधपुर को ही मिलेगा। आज हमारा सपना साकार हुआ। जोधपुर का एम्स दिल्ली के बाद एक नंबर पर है। कोरोना में एम्स की वजह से हजारों लोगों की जिन्दगी बचा पाए। पूरे पश्चिमी राजस्थान में आज एम्स के ट्रीटमेंट कराने आते हैं।